Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 282 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, सोमवार 06 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



अगर तुम सीखना चाहते हो तो भूलों से सीखो।
If you want to learn, learn from the errors.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### अलीराजपुर व खरगोन में आज राहुल गांधी की सभा

**भोपाल (आरएनएस)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सोमवार 6 मई, 2024 को दोपहर 12 बजे अलीराजपुर जिले की जोबट में और अपराह्न तीन बजे खरगोन जिले के नौगांव में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मप्र के प्रभारी जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मप्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पूव्र केंद्रीय मंत्री अरुण यादव भी छह मई को सुबह 11 बजे राहुल गांधी की सभा से इंदौर से हेलीकाप्टर से 12 बजे जोबट पहुंचेंगे।

### पुंछ आतंकी हमले में सुरक्षाबलों का एक्शन, 6 लोगों को लिया हिरासत में

**पुंछ (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना के काफिले पर हुए हमले के संबंध में पूछताछ के लिए सुरक्षाबलों ने छह स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, इन स्थानीय लोगों पर हमले में आतंकियों की मदद करने का संदेह है। हमले में पांच जवान घायल हुए थे, जिन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान एक जवान की मौत हो गई। हमला पुंछ के शाहसितार इलाके में शनिवार शाम 6 बजकर 15 मिनट पर हुआ। चार आतंकियों ने सनाई टॉप जा रही सुरक्षाबलों की दो गाड़ियों पर फायरिंग की।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सूरजपुर में विशाल जनसभा को किया संबोधित

# आज राजनीति विकासवाद की हो गई है : जेपी नड्डा

**सूरजपुर (विश्व परिवार)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सूरजपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जेपी नड्डा ने कहा कि पहले राजनीति वोट की होती थी, जाति और धर्म की होती थी। लेकिन मोदी जी ने 10 साल में राजनीति की परिभाषा, राजनीति की संस्कृति और राजनीति की सोच बदल डाली है। आज राजनीति विकासवाद की हो गई है।



इतनी गर्मी में आप सबका उत्साह देखकर, ये साफस्पष्ट हो गया है कि आपने चिंतामणि जी को लोकसभा में भेजने का मन बना लिया है। लेकिन ये चुनाव सिर्फचिंतामणि महाराज जी के लिए नहीं है, ये चुनाव मोदी जी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का चुनाव है और आपको मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना।

जेपी नड्डा ने कहा, मोदी जी ने मंत्र दिया है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। मोदी जी ने कहा कि बदलाव लाओ- रिफॉर्म करो, परफॉर्म करो और देश को बदलने के लिए ट्रांसफॉर्म करो। आज 10 साल में मोदी जी के नेतृत्व में भारत, विकसित भारत का संकल्प लेकर चल रहा हैज ये बदलता भारत है। अगर किसी ने जनजातीय क्षेत्र के लिए, हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के लिए काम किया, तो पिछले 10 साल में हमारे नरेन्द्र मोदी जी ने किया। मोदी जी के नेतृत्व में आज पूरा देश 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाता है। आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को राष्ट्रपति बनाने का काम किया।

पहले महिलाओं की उपेक्षा होती थी, किसानों के बारे में कोई सोचना नहीं था। आज मोदी जी के नेतृत्व में गरीब की चिंता हो रही, गरीब की सुनवाई हो रही है। मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, शोषित, दलित, वंचित, आदिवासी, किसान, युवा, महिला... सबको ताकत मिली है। आज दुनिया भर में भारत का एक स्थान बन गया है, ये मोदी जी की नेतृत्व क्षमता के कारण संभव हुआ है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है और छत्तीसगढ़ में 2 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिल रहे हैं। आज मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं। ये बदलता भारत है। आज भारत में अति-गरीबी एक प्रतिशत से भी कम हो गई है।

पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर ही मिलते थे। आज मोदी जी ने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए हैं और अगले 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हर घर में सौर ऊर्जा लगाई जाएगी और हर घर को मुफ्त बिजली मिलेगी और जो बिजली ज्यादा पैदा करेंगे, उसे सरकार खरीदेगी।

आयुष्मान भारत योजना के तहत हर गरीब को आज 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है। वहीं यहां सरगुजा में हमने मेडिकल कॉलेज देने का काम किया। मोदी जी कहते हैं- भ्रष्टाचार हटाओ और ढ्ढ.ह्न.ष्ठ.ढ्ढ. अलायंस वाले कहते हैं- भ्रष्टाचारियों को बचाओ। मोदी जी कहते हैं- साधारण घर से आने वाले व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाओ।

## इटावा में पीएम मोदी ने मुलायम सिंह को किया याद, शिवपाल यादव पर ली चुटकी

### कहा- दिल की बात जुबान पर आ गई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुलायम सिंह यादव को याद किया। इसके साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के महासचिव शिवपाल यादव पर चुटकी भी ली।



पीएम मोदी ने कहा कि मैं जब इस इलाके में आया हूं, तो मुझे 2019 के चुनाव के पहले की बात याद आ रही है। जब संसद का सत्र चल रहा था और संसद में स्वर्गीय मुलायम सिंह भाषण देने के लिए खड़े हुए। मुलायम सिंह ने 2019 लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले संसद में कहा था और एक प्रकार से मेरे लिए वो आशीर्वाद बन गया कि मोदी जी आप तो दोबारा जीतकर आने वाले हैं। नेता जी हमारे बीच नहीं हैं।

पीएम मोदी ने आगे शिवपाल यादव का बिना नाम लिए तंज कसते हुए कहा कि लेकिन, संयोग देखिए उनके सगे भाई भाजपा को जिताने की अपील कर रहे हैं। उनके दिल की बात जुबान पर आ ही गई।

दरअसल, शिवपाल सिंह यादव की जसवंत नगर में लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जुबान फिसल गई थी और उन्होंने मंच से लोगों से भाजपा को अच्छे मार्जिन से जिताने की अपील कर दी।

# कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ की जनता से 36 वादे किए, जिनमें एक भी पूरा नहीं किया : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सूरजपुर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव के लिए आज प्रचार के अंतिम दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कांग्रेस पर और अधिक आक्रामक दिखे। सूरजपुर की सभा में विष्णुदेव साय जब भाषण दे रहे थे तब मंच में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि पांच साल छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पर भरोसा किया, लेकिन कांग्रेस ने अपनी जेब भरी। कांग्रेस ने प्रदेश की जनता से 36 वादे किए, जिनमें एक भी पूरा नहीं किया। पांच साल जनता के साथ धोखाधड़ी की। खनिज संसाधनों से भरपूर हमारे प्रदेश को चारागाह बनाकर भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार की सारी सीमाएं लांघ दी, इसलिए जनता ने उन्हें नकार दिया। छत्तीसगढ़ की जनता ने बड़े विश्वास से कांग्रेस को सत्ता की बागडोर सौंपी थी, पांच साल क्या हुआ सभी ने देखा। मैं आप सभी से वादा करता हूं जनता के हक़ का जितना भ्रष्टाचार कर कांग्रेस नेताओं ने अपनी तिजोरी भरी है, उन सबकी जांच होगी दोषियों को सजा मिलेगी। भ्रष्टाचार की जांच हम कर रहे हैं, अब जल्द ही दोषी हवालात के पीछे होंगे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि ये चुनाव देशवासियों के हित के लिए 24 घंटे में 18 घंटे काम करने वाले मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि एक चायवाले, गरीब के बेटे मोदी जी 140 करोड़ देशवासियों के लिए दिन-रात काम करते हैं। वो देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान सबकी चिंता करते हैं। मोदी जी ने सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास को मूलमंत्र मानते हुए सबका विकास किया, सबको समृद्ध बनाया। श्री साय ने लोकसभा चुनाव को मोदी जी के नेतृत्व में 2029 तक भारत को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति और 2047 तक विकसित भारत बनाने का चुनाव बताया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज 4 महीने उनकी सरकार को हुए हैं। उनकी सरकार ने मोदी की गारंटी के बड़े-बड़े वादे पूरे किये हैं। शपथ लेने के दूसरे ही दिन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति उन्होंने दी। 12 लाख किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीद कर 3100 रूपए क्विंटल धान की कीमत दी। श्री साय ने कहा कि न केवल समर्थन मूल्य के अंतर की राशि एकमुश्त उनकी सरकार ने किसानों के खाते में ट्रान्सफर किये वरन महिला शक्ति के लिए लागू उनकी योजना महतारी वंदन योजना के तीसरे महीने की राशि भी उनके खातों में ट्रान्सफर कर दी है। हर महीने के पहले सप्ताह को किश्त की राशि दे दी जाएगी, ये भरोसा मुख्यमंत्री ने महिलाओं को दिलाया।


उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना की शुरुआत भी हो चुकी है, जिससे कि प्रदेश के रामभक्त अयोध्या में भांचा राम के दर्शन का लाभ पा रहे हैं। 5500 रूपये प्रति मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदने के भी आदेश दे दिए हैं और खरीदी के लिए हमनें 15 दिनों का समय भी तय कर दिया है। चरण पादुका योजना की भी पुन: शुरुआत होगी। साथ ही उन्होंने मोदी की गारंटी में जो बचे वादे हैं उनको भी सांय-सांय पूरा करने की बात कही।

सारंगढ़ के बरमकेला पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि हमें भारत को विश्व मित्र बनाना है। इस विचार का मकसद भारत को एक स्वतंत्र शक्ति के रूप में स्थापित करना है, जो चीन से अलग, अमेरिका से अलग और यूरोपीय लोगों से अलग हो। इस अवधारणा में दोस्ती, सहयोग, सह-अस्तित्व और पारस्परिक लाभ शामिल है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी जी ने कहा है कि भारत के सामर्थ्य को लेकर भारतीयों और दुनिया के मन में कोई किन्तु-परंतु नहीं है और विकास को लेकर देश का दृष्टिकोण वैश्विक कल्याण होना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने जिस प्रकार से देश को आगे बढ़ाया है दुनिया ने देश के सामर्थ्य को देखा है।

# राहुल गांधी ने पीएम मोदी को आरक्षण की सीमा हटाने की चुनौती दी, कहा - कांग्रेस सत्ता में आई तो इसे समाप्त करेगी

**निर्मल (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से बढ़ाने की चुनौती देते हुए रविवार को कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह इस सीमा को समाप्त कर देगी। तेलंगाना के आदिलाबाद लोकसभा क्षेत्र के निर्मल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और इसे समाप्त करना चाहते हैं।



कांग्रेस नेता ने कहा, नरेंद्र मोदी को देश से यह वादा करना चाहिए कि वह 50 प्रतिशत की सीमा हटा देंगे क्योंकि कांग्रेस ऐसा करने वाली है। नरेंद्र मोदी ने अब तक अपने किसी भी भाषण में नहीं कहा है कि वह आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा समाप्त करेंगे। आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा करने को देश के समक्ष सबसे बड़ा मुद्दा बताते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में ओबीसी, दलितों और जनजातीय लोगों के साथ न्याय करने का वादा किया है। उन्होंने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) संविधान को समाप्त करना चाहते हैं।

संविधान की एक प्रति लहराते हुए उन्होंने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है। एक तरफ कांग्रेस संविधान को बचाने की कोशिश कर रही है तो दूसरी तरफ भाजपा और आरएसएस संविधान को समाप्त कर गरीबों को दिये गये अधिकार छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने कहा है कि यदि वे सत्ता में आये तो संविधान बदल देंगे। यदि संविधान बदला गया तो आरक्षण भी समाप्त हो जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पिछड़ों, दलितों और जनजातीय लोगों का विकास नहीं चाहती है। राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने तेलंगाना में अपनी गारंटियों को पूरा किया है और पूरे देश में इसी तरह की गारंटियां पूरी करने की उसकी योजना है। राहुल गांधी ने कहा कि गरीब परिवार की हर महिला को हर महीने 8,500 रुपये दिये जायेंगे। यह तेलंगाना में महिलाओं को मिलने वाले मासिक 2,500 रुपये के अतिरिक्त होगा। प्रधानमंत्री पर युवाओं को बेरोजगार बनाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने %पहली नौकरी पक्की% की गारंटी दी है जिसमें मनरेगा की तरह ही स्नातकों को रोजगार की गारंटी मिलेगी।

## 23 देशों के 75 प्रतिनिधि 'लोकतंत्र के महापर्व' को देखने पहुंचे भारत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के सबसे बड़े पर्व 'लोकसभा चुनाव' को देखने के लिए 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े हुए 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भारत पहुंचे हुए हैं। यह जानकारी रविवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दी। उन्होंने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए कहा कि यह बहुत खुशी और संतुष्टि की बात है कि हमारे निमंत्रण पर 23 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों से जुड़े 75 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हमारे चुनावों को देखने के लिए यहां आए हैं। राजीव कुमार ने कहा, लगभग दस या उससे अधिक अध्यक्ष और विभिन्न देशों के मुख्य चुनाव आयुक्तों के समकक्ष यहां मौजूद हैं। यह खुलासा करने की हमारी स्थापित नीति के अनुरूप है, मजबूत स्थिति से काम करते हुए कि हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है।

# पं. बंशराज तिवारी की स्मृति में आज नि:शुल्क रोग निदान शिविर

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** जिला मुख्यालय में स्थित एकमात्र सुपर स्पेशलिटी निजी अस्पताल चंदादेवी तिवारी हॉस्पिटल के संस्थापक, क्षेत्र के प्रसिद्ध अधिवक्ता एवं लोकप्रिय विधायक स्व. प. बंशराज तिवारी के जन्मजयंती आज 6 मई को लगातार 18 वर्षों से उनके पुत्र पूर्व जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद तिवारी जो की एक प्रसिद्ध शल्य क्रिया विशेषज्ञ हैं, के द्वारा नि:शुल्क रोग निदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है जिसमें अभी तक हजारों की संख्या में मरीजों का उपचार किया जा चूका है अब इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र डॉ नितिन तिवारी पुत्री डॉ सुकृति एवं पुत्रवधु डॉ गीतिकशंकर तिवारी द्वारा इस शिविर में सभी तरह के मरीजों का उपचार अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से किया जा रहा है इस वर्ष भी 6 मई सोमवार को प्रात: 10 बजे से संध्या 5 बजे तक सभी तरह के मरीजों का नि:शुल्क परीक्षण आवश्यकता पड़ने पर खून की जाँच एक्स रे सोनोग्राफी किया जाएगा एवं हाइड्रोसील हर्निया के मरीजों का पंजीयन कर परीक्षण होगा एवं 7 तारीख को मतदान होने के पश्चात् 8-9 मई को उनका ऑपरेशन किया जाएगा जिससे की मतदान में किसी तरह का विघ्न ना हो सभी मरीजों को नि:शुल्क दवा वितरण भी किया जाएगा। डॉ प्रमोद तिवारी ने अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेकर लाभ उठाने का जरूरतमंदों से आग्रह किया।



आपको बताते चलें की प. बंशराज तिवारी का जन्म बलौदाबाजार के तत्कालीन पटेल सेनिटेशन पंचायत के अध्यक्ष प. महावीर प्रसाद तिवारी के पुत्र के रूप में 6 मई 1925 को हुआ था वे तीन बहनों में एकलौते भाई थे बाल्यावस्था में ही पिता के स्वर्गारोहण के उपरांत अल्पायु में ही पटेल पद पर पदस्थ हुए। महात्मा गाँधी जी से प्रेरित होकर 1940 में पटेल पद से इस्तीफा देकर स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। 1946 में कांग्रेस समाजवादी पार्टी के सक्रिय सदस्य रहे। वकालत के साथ राजनीति में सक्रिय रहते हुए दोंनो ही माध्यम से असहाय एवं कमजोर वर्ग की भरपूर मदद की बार कौंसिल में सचिव रहते हुए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य एवं बलौदाबाजार को जिला बनाने की मांग मुखरता से करते रहे आपातकाल के दौरान अपने साथियों के साथ तत्कालीन दमनकारी कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जुलुस निकाला जिसके फलस्वरूप गिरफ्तार करके राजद्रोह का मुकदमा चलाया गया समाजवादी नेता मधु लिमय एवं जार्ज फर्नांडिस के साथ रायपुर सेंट्रल जेल में भी रहे। 1977 में जनतापार्टी की सरकार बनी एवं प. बंशराज बलौदाबाजार विधानसभा से निर्वाचित हुए एवं 1980 तक विधायक एवं विधान परिषद के मुख्य सचेतक रहते हुए बलौदाबाजार को पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए शिवनाथ नदी सोनाडीह से पाइप लाइन द्वारा जल प्रदाय योजना लाकर पानी उपलब्ध कराया खोरसी नाला पर बड़े पुल का निर्माण नगर को गावों से जोड़ने के लिए सड़क पुलियों का निर्माण न्यायालय में अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय की स्थापना क्षेत्र के एक मात्र निजी महाविद्यालय को शासन के अधीन कर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराना नगर में टेलीफोन एक्सचेंज डाकघर पानी टंकी का निर्माण शासकीय अस्पताल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बढ़ाकर सुविधाजनक एवं चिकित्सक उपलब्ध कराना आदि प्रमुख कार्य हैं 9 फरवरी 2006 उनके देहावसान के बाद से उनकी स्मृति में उनके पुत्र डॉ प्रमोद तिवारी ने बलौदाबाजार मुख्यमार्ग चौड़ीकरण के लिए नेता जी सुभाष चौक पर कीमती भूमि शासन को दान कर दी जिसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा मुख्यमार्ग को प. बंशराज तिवारी मुख्यमार्ग बलौदाबाजार के नाम कर दिया गया।




# मतदान सामग्री वितरण और वापसी की तैयारी पूरी, कलेक्टर चौहान ने की समीक्षा, मॉक ड्रिल कर तैयारियों को भी परखा

**दोनों लोकसभा क्षेत्र के लिए 450 से अधिक कर्मचारी रहेंगे तैनात, बनाएं गए है 59 काउंटर**



**मतदान दलों को आज प्रदान की जाएगी मतदान सामग्री, प्रातः 6 बजे उपस्थित होने के निर्देश**

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल. चौहान ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कार्य को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होने सभी अधिकारियों को मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी में किसी भी दल को समान प्राप्त करने एवं जमा करने में कोई तकलीफ नहीं होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें।निर्धारित समय अनरूप सभी कार्य पूर्ण होना चाहिए. उन्होने मंडी परिसर में पार्किंग से लेकर मूलभूत सुविधाओं को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। जिले से संबधित दोनों लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा एवं रायपुर अंतर्गत चारों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 456 कर्मचारी वितरण में तैनात रहेंगे। जिसमें विधानसभा बिलाईगढ़ क्रमांक 43 में 84, कसड़ोल 44 में 156, बलौदाबाजार 45 में 90 एवं भाटापारा 46 में 126 कर्मचारी शामिल है। इसी तरह चारो विधानसभा क्षेत्र के लिए वितरण हेतु 59 काउंटर बनाए गए है। जिसमें विधानसभा बिलाईगढ़ क्रमांक 43 के लिए 11 कसड़ोल 44 के लिए 21 बलौदाबाजार 45 के लिए 11 एवं भाटापारा 46 के लिए 16 काउंटर शामिल है। इसके साथ ही आज सुबह मॉक ड्रिल कर तैयारियों को भी परखा गया है। मॉक ड्रिल के दौरान सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले में 6 मई 2024 को मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आदेश जारी कर समस्त मतदान कर्मी (पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, मतदान अधिकारी क्रमांक-02, मतदान अधिकारी क्रमांक-03 एवं रिजर्व दल) को मतदान सामग्री प्राप्त करने हेतु 6 मई 2024 को प्रातः 06 बजे जिला मुख्यालय स्थित नया मंडी परिसर में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधितों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13 सीसी एवं धारा 28 एवं लोक प्रतिनिधि अधिनियम 1951 एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान : डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर

**लोकरंजनी संस्था द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से नागरिकों को अवगत कराया**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** रायपुर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रदेश में शत् प्रतिशत मतदान करने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन लोकरंजनी लोक कला सांस्कृतिक समिति रायपुर रायपुर द्वारा विभिन्न बस्तियों गुढ़ियारी, संतोषी नगर, कुशालपुर एवं चांगोराभाठा के बस्तियों में प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर स्पर्श सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थान रायपुर के अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है इस लोकसभा चुनाव में घरों से निकलकर वोट करें लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है।

डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने नए और युवा वोटर्स से खास अपील करते हुए कहा की वोट अवश्य कीजिए लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है प्रदेश में शत् प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 के

**मतदाता भय मुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करें**

मतदाता जागरूकता संबंधित गतिविधियों से अवगत कराते हुए लोकतंत्र के महापर्व के संबंध में जानकारी दी एवं लोकतंत्र के महापर्व में सभी नागरिकों को शामिल होने का आह्वान किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में नागरिकों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व से अवगत कराया गया। नागरिकों को देश के लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने, मतदाताओं को भय मुक्त एवं बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों को मतदान के महत्व के संबंध में समझाया गया लोकतंत्र में संसद की भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई सभी नागरिकों को अपने परिवार रिश्तेदार एवं पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने नागरिकों को बताया कि लोकतंत्र में मजबूती का आधार सिर्फ मतदान होता है। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को शपथ दिलाया गया सभी नागरिकों से मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार और कर्तव्यों का पालन करने की अपील की गई। जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की असली पहचान। मेरा वोट मेरी पहचान शत् प्रतिशत करना है मतदान, जैसे नारों से मताधिकार का उपयोग करने संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में श्री रंजन मोडक, नीरज सिंह ठाकुर लोकेश साहू नीतीश यादव सुमन त्यागी, सुषमा गायकवाड चैतन्य मोडक, हेमलाल पटेल, नरेंद्र यादव, नीतीश यादव आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नशीली टेबलेट के साथ अधेड़ गिरफ्तार, तेलीबांधा थाना पुलिस की कार्रवाई

**रायपुर (आरएनएस)।** मुखबिर की सूचना पर तेलीबांधा थाना पुलिस ने एक अधेड़ को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्यवाही किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का नाम शेख रहमान कुरैशी है। आरोपी कांशीराम नगर स्थित ओव्हर ब्रीज के नीचे प्रतिबंधित नशीली टेबलेट लेकर ग्राहक की तलाश कर रहा था। सूचना की जांच के बाद टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शेख रहमान कुरैशी निवासी कांशीराम नगर तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट स्पासमों रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने/बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था।

### पूर्व मंत्री ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन किया चुनावी चौपाल लगाकर सघन दौरा



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** तीसरे चरण के होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन आज 5 मई को पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने अभनपुर क्षेत्र में सघन दौरा कर भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में चुनाव प्रचार किया । इस दौरान श्री साहू ने अभनपुर विधानसभा के भाजपा मंडल अभनपुर के ग्राम निमोरा ,तूता, देवरभाठा, धुसेरा सहित अनेक गांवो में चुनावी चौपाल लगाकर लोगों से, प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने और बृजमोहन अग्रवाल को सांसद बनाने के लिए अपील की इस दौरान उनके साथ युवा, महिला, व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने हिस्सा लिया। श्री साहू ने लोगों को बताया कि मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में देश तो सशक्त हुआ ही, साथ ही साथ देशवासियों के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से, इसी प्रकार केवल 3 महीने पुरानी राज्य की साय सरकार ने विभिन्न योजनाएं चलाकर प्रदेश के गांव, गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के जीवन को खुशहाल बनाया गया। इस क्रम को आगे जारी रखने के लिए डबल इंजन की सरकार की जरूरत है, इसीलिए आप सब देश हित में 7 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान अवश्य करने जाएं।

### गर्म डीजल की चपेट में आकर तीन मजदूर झुलसे

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** नंदिनी थाना क्षेत्र स्थित पत्थर खदान में माउंट ड्रिलिंग मशीन में डीजल फीलिंग के वक्त अचानक गर्म डीजल ड्राइवर समेत तीन श्रमिकों पर छिटक गया, जिसे तीनों बुरी तरह झुलस गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जाती है। घायलों को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार इस हादसे में ड्राइवर की लापरवाही सामने आई है. उन्होंने बताया कि लगातार पत्थर में ड्रिलिंग की वजह से मशीन गर्म हो चुकी थी, और इसी दौरान उसमें डीजल भरा जा रहा था. गर्म होने के वजह से डीजल डालते ही टैंक से डीजल छिटक गया, जिससे, तीन लोग झुलस गए. घायलो को दुर्ग जिला अस्पताल लाया गया, जहां हालत बिगड़ते देख सेक्टर 9 हॉस्पिटल रिफर किया गया. अस्पताल के बर्न यूनिट में तीनों का इलाज जारी है।

### मरीन ड्राइव के पास चलती कार में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर में चलती कार में आग लग गई। मामला तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव का है। हालांकि इन दोनों ही मामलो में किसी को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचने की खबर नहीं है। रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में कपड़ा कारोबारी संतोष माखीजा अपनी पत्नी के साथ कार से सदर बाजार किसी काम से आए हुए थे। काम निपटाकर वे घर जाने के लिए निकल रहे थे। कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद कार से अचानक तेजी से धुआं उठने लग गया। संतोष माखीजा कुछ समझ पाते तभी कार के बोनट से आग की लपटें तेजी से उठने लगीं। फौरन दोनों पति-पत्नी कार से निकलकर बाहर की ओर भागे। इस बीच कार के सामने के हिस्से में आग फैल गई। आसपास मौजूद लोगों ने फौरन पानी और फायर एक्सटिंगुइशर की मदद से आग पर काबू पाया। इस घटना में कार का एक हिस्सा बुरी तरह जल गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। इसी तरह की घटना तेलीबांधा के पास मरीन ड्राइव में हुई।

# 528 में 497 ने परीक्षार्थियों ने दी नीट की परीक्षा

**नगर में बनाये गए थे दो परीक्षा केंद्र, परीक्षार्थी थे सीसीटीवी कैमरे की नजर में**



**कोंडागांव (विश्व परिवार)।** जिले में पहली दफे रविवार को आयोजित हुए नीट की परीक्षा में नगर में बनाये दो परीक्षा केंद्रों में 528 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी लेकिन निर्धारित समय तक 497 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों में पहुँच इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में शामिल हो पाए। बताया जा रहा है कि, कुछ ऐसे भी परीक्षार्थी थे जिन्होने अपनी बायोमेट्रिक तो करवा ली, लेकिन वैध दस्तावेज समय पर नहीं दिखा पाने के चलते उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया गया और वह परीक्षा नहीं दे पाए। सिटी समन्वयक नरेंद्र नायक से मिली जानकारी के मुताबिक नेशनल टेस्ट एजेंसी के द्वारा ली गई इस परीक्षा में सभी परीक्षार्थियों की सुबह 11 बजे से ही स्कैनिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। स्कैनिंग उपरांत परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया और इसके बाद ही उन्हें परीक्षा देने कक्ष के भीतर प्रवेश दिया गया। आपको बता दे कि, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय तहसीलपारा और बॉयज स्कूल को परीक्षा केंद बनाया गया था जहाँ आब्जर्वर की भी नियुक्ति पृथक से की गई थी। दोपहर 2:00 बजे से 5:20 तक आयोजित हुई इस परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा का पूरा ख्याल केंद्र में रखा गया था।

# अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊपरवारा में ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने भाजपा में किया प्रवेश



**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार साहू लगातार विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता एवं लोगों से संपर्क कर भाजपा के जीत के लिए समर्थन मांग रहे हैं. इसी तारतम्य मे 05 मई को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ऊपरवारा में ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने वरिष्ठ नेता रतिराम साहू के सहमति एवं टीकू यादव व रमेश वर्मा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति एवं क्षेत्रीय विधायक इंद्र कुमार के कार्य शैली से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लिया. इस अवसर पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने कहा कि हमें देश के उज्जवल भविष्य के लिए विकसित, विकासशील और समृद्ध भारत निर्माण के लिए पुन: नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है. इसके लिए हमें रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को ऐतिहासिक मतों से जीत दिलाने हेतु मतदान करना भी है और लोगों को प्रोत्साहित कर मतदान करवाना भी है.आज भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश लेने वालों में घनश्याम यादव, होरी लाल यादव, चंद्रहास यादव, लक्ष्मण यादव, विशाल यादव कोमल यादव, डेरहू यादव, लक्ष्मण यादव, नंदू यादव, दिनेश यादव, इतवारी यादव, भरोसा यादव सहित ग्राम परसदा के 46 परिवारों ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश किया.

# कलेक्टर ने किया मतदान सामग्री वितरण केन्द्रों का निरीक्षण



**दुर्ग (विसं)।** जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत तृतीय चरण में 7 मई 2024 को मतदान संपन्न होगा। दुर्ग जिले में मतदान दलों को सामग्री वितरण कर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवानगी तीन अलग-अलग स्थानों पर किया जाएगा। सामग्री वितरण केन्द्रों में संपूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सुबह 7 बजे मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज मतदान सामग्री वितरण स्थल मानस भवन, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज और शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय (साइंस कॉलेज दुर्ग) का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मतदान से संबंधित वितरण सामग्री, निर्धारित स्टॉलवार, समयावधि में वितरण कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा कि मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को सामग्री प्राप्ति करने में किसी प्रकार की दिक्कते न हो। सामग्री प्राप्त कर मतदान सामग्री मिलान कर लिये दलों को रूट अनुसार वाहनों के माध्यम से संबंधित मतदान केन्द्रों तक पहुंचायी जाए। कलेक्टर ने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचरियों के लिए वाहन पार्किंग एवं वाहन व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने आरटीओ को सभी बस ड्रायवरों को आवश्यक समझाईश देने की सलाह दी। कलेक्टर चौधरी ने संबंधित प्रभारी अधिकारियों को कार्य बेहतर ढंग से करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी मतदान दलों को प्रात: 10 बजे तक रवानगी करने हरसंभव प्रयास करने कहा है। इस अवसर पर एडीएम अरविन्द एक्का, जिला पंचायत के सीईओ अश्वनी देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बी.के. दुबे, नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं देवेश ध्रुव, संयुक्त कलेक्टर एच.एस. मिरी, एसडीएम मुकेश रावटे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में आया पसमांदा मुस्लिम समाज

**रायपुर (विसं)।** कैलाशपुरी स्थित भाजपा कार्यालय तत्पर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पसमांदा मुस्लिम ने बृजमोहन अग्रवाल के पक्ष में वोट देने की बात कही। समाज के लोगों का कहना था कि कांग्रेस ने हमेशा से ही उनके साथ छल किया है जबकि भाजपा ने सही मायने में समाज का साथ दिया है। आज केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का फायदा पसमांदा मुस्लिम समाज को भी मिल रहा है। महतारी वंदन, उज्जवला गैस कनेक्शन, मुफ्त में राशन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य लाभ, मुद्रा योजना के अंतर्गत ?50000 तक का लोन सभी सरकारी योजनाओं का फायदा पसमांदा समाज को भी मिल रहा है इसीलिए समाज ने निर्णय लिया है कि वह समाज और राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट देंगे और रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल को प्रचंड मतों से जीता कर एक नया इतिहास बनाएंगे। समाज के लोगों संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की विचारधारा पर काम करती है। भाजपा के लिए सभी नागरिक एक समान है कांग्रेस ने हमेशा से ही मुसलमानों को डरा कर वोट हासिल किए हैं अब वक्त आ गया है कि लोग कांग्रेस की चाल को समझ गए हैं और भाजपा के साथ आ रहे हैं।

### रायपुर स्वीप कार्यक्रम में पुलिस परिवार ने लिया मतदान करने का शपथ

**रायपुर (विसं)।** आज मतदाताओं को जागरूकता लाने के लिये जिला-रायपुर में चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में पुलिस आवासीय परिसर अमलीडीह रायपुर में निवासरत् पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ चुनाव शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस परिवार के सदस्य शामिल हुए। उप पुलिस अधीक्षक, लाईन निलेश कुमार द्विवेदी के द्वारा पुलिस लाईन रायपुर में निवासरत् सभी पुलिस के परिवार के सदस्यों को मतदान किये जाने के प्रति जागरूक करते हुये शपथ दिलाया। इसी क्रम में चौथी वाहिनी माना में सेनानी योगेश पटेल के मार्गदर्शन में जवानों ने भी मतदान अवश्यक रूप से करने शपथ ली। इस प्रकार पुलिस जवानों तथा उनके परिवारों के सदस्यों सभी ने मिलकर एक साथ मतदान अवश्य करने की शपथ ली।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./10873/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 02-05-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10873
वार्ड का नाम-4 - यतियतन लाल वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104F00303 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DINESH KUMAR ANDANI पिता/पति, श्री/श्रीमती GINDAL MAN ANDANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती PREMCHAND ANDANI पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE GINDAL MAL ANDANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./11155/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 03-05-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 11155
वार्ड का नाम-4 - यतियतन लाल वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104C00180 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HEMANT SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती RAMADHIN के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RAJIV YADAV पिता/पति, श्री/श्रीमती KISHAN LAL YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./11154/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 03-05-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 11154
वार्ड का नाम-4 - यतियतन लाल वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 4 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR104I00104 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती VINOD MISHRA पिता/पति, श्री/श्रीमती SATYA SINDHU MISHRA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती AYUS KUMAR पिता/पति, श्री/श्रीमती BIRENDRA SINGH ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./10928/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 02-05-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 10928
वार्ड का नाम- 15 - ने. कन्हैयालाल बाजारी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR108E00539 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SAHRITA BEGUM पिता/पति, श्री/श्रीमती SHEKH TABREJ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती TEJPRAKASH HARPAL पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. A.R. HARPAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./11153/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 03-05-2024
इश्तिहार
नामांतरण प्र.क्र. 11153
वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR109E00161 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJESH KUMAR AGRAWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती ANAND AGRAWAL के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती NARAYAN KUMAR JHA पिता/पति, श्री/श्रीमती KRISHNACHANDRA JHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में 25 लाख रुपए देने की घोषणा हर हाल में पूरी होगी: सरोज पांडेय

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में कई विकास के सोपनो को प्राप्त किया है: सरोज पांडेय




**कोरबा(विश्व परिवार)।** देश में विगत 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं जिससे आज हमारा देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र में 2047 तक के लिए एक विजन तैयार किया गया है । ये बात कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुश्री सरोज पांडेय ने कोरबा में आयोजित प्रेस वार्ता में मीडिया के मित्रों को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 10 वर्षों में जो कार्य हुए हैं वह ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय है । उनकी दूरगामी सोच निर्णय से देश में हर वर्ग का जीवन स्तर सुधरा एवं आत्मनिर्भर बना है । अगर हम कोरबा की बात करें तो वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन योजना के तहत 22092 हितग्राही थे जो वर्तमान में बढ़कर 305387 हो गए हैं । वहीं वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उठाने वाले 3106 हितग्राही दर्ज थे जो वर्तमान में बढ़कर 115013 हितग्राही हो गए हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि योजना के तहत कोरबा लोक सभा के 196890 अन्नदाता भाइयों के खाते में राशि हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 2016 में 234182 हितग्राहियों ने योजना का लाभ उठाया था, जो वर्तमान में हितग्राहियों की संख्या बढ़कर 26,84,564 हो गई है। कोरबा में वर्ष 2014 में 2573 किलोमीटर तक की सड़क का निर्माण हुआ था वर्तमान में 4346 किलोमीटर की सड़कों का निर्माण हो गया है। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 18 लाख 77 हजार 385 कार्डधारक वर्तमान में है। इसी तरह मोदी सरकार की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं जिनके माध्यम से लोगों का जीवन स्तर काफी सुधार और बदला है। सुश्री पांडेय ने आगे संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी जानते हैं कि मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम का भी मंदिर बन पाएगा पर मोदी जी ने यह भी पूर्ण कर दिखाया और इसके साक्षी हम सभी बने हैं । सुश्री सरोज पांडेय ने आगे कहा कि आने वाले दिनों में कोरबा एक विकसित लोकसभा के क्षेत्र में जाना जाएगा ।

# निष्पक्ष व पारदर्शिता से चुनाव पूर्ण कराने के लिए मतदान कर्मियों को दिया गया अंतिम चरण का प्रशिक्षण

### महिला मतदान कर्मियों में निर्वाचन पूर्ण कराने नजर आ रहा उत्साह



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल निष्पादन हेतु नियुक्तमतदान कर्मियों को तीसरे व अंतिम चरण का प्रशिक्षण दिया गया। विधानसभावार आयोजित इस प्रशिक्षण में आज कोरबा के विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधानसभा कोरबा हेतु नियुक्त मतदानकर्मियों को एवं साडा कन्या विद्यालय में रामपुर विधानसभा के मतदान कर्मियों को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।जिसमें पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 व 03 शामिल हैं। यह प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। प्रथम पाली प्रातः 10 से दोपहर 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित हुई। इसी प्रकार शेष कटघोरा व पाली तानाखार विधानसभा के मतदान कर्मियों को विगत दिवस अंतिम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत 07 मई को मतदान होगा। इसके लिए निर्वाचन विभाग की ओर से सभी तैयारियां पूरी की जा रही है।

# चिकित्सा अधिकारी से अभद्रता मेट्रन को किया बर्खास्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वारा प्रगति नगर डिस्पेंसरी में पदस्थ मेट्रन दीपा दास को अभद्रता से संबंधित एक मामले में आखिरकार बर्खास्त करने की क र्रवाई की गई। यह मामला दो वर्ष पहले हुआ था जिसके बाद प्रबंधन के द्वारा जांच की जा रही थी। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि जांच में सभी तथ्य मेट्रन के विरुद्ध मिले हैं इसलिए नियम के अनुसार यह निर्णय लिया गया। कोरबा जिले के अंतर्गत साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका क्षेत्र के प्रगति नगर में कंपनी की डिस्पेंसरी संचालित है जहां पर 17 जुलाई 2021 को यह घटना हुई थी। घटना दिवस को उपमुख्यमंत्री चिकित्सा अधिकारी यूपी सिंह के साथ दीपा का किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। तब चाय देने के बहाने कर्मी ने चिकित्सक के ऊपर चाय उड़ेल दी। मौके पर अभद्र व्यवहार किया और शांति भंग की। इससे वहां स्थिति खराब हो गई। चिकित्सा सिंह के द्वारा इस बारे में प्रबंधन से शिकायत की गई थी जिस पर कर्मचारियों को नोटिस देते हुए जवाब देने को कहा गया। 30 जुलाई को जारी किए गए नोटिस के परिपेक्ष में जो उत्तर कर्मी की ओर से दिया गया उसे असंतोषजनक पाया गया। बताया गया कि इस मामले में आगे जांच बताई गई और इसके लिए 54 बार कर्मचारि को सूचित किया गया। इस दौरान उसके द्वारा निवेदन कर 34 बार मामले की तारीख आगे बढ़ाई गई।

# ईवीएम मशीन आईटी कॉलेज से कटघोरा स्ट्रांग रूम में किया गया शिफ्ट

### कटघोरा व पाली तानाखार विधानसभा हेतु ईवीएम मशीन कटघोरा से होगा वितरित

**कोरबा(विश्व परिवार) ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले में मतदान दलों को सहूलियत प्रदान करने के लिए विधानसभा कटघोरा एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्य में उपयोग किए जाने वाले ईवीएम मशीन का वितरण कटघोरा के शासकीय मुकुटधर पांडेय महाविद्यालय में निर्मित स्ट्रांग से किया जाएगा। जिसकी सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस हेतु आज जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कोरबा के झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को कटघोरा के मुकुटधर शासकीय महाविद्यालय के लिए शिफ्ट किया गया। मशीनों के परिवहन के लिए जीपीएस युक्त वाहन का प्रयोग किया गया है एवं पूरे घटनाक्रम का वीडियोग्राफी भी की गई है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, एसडीएम कटघोरा श्री सरोज महिलांगे, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री रोहित कुमार, सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मशीनों के सुरक्षित परिवहन हेतु तहसीलदार श्री भूषण सिंह मंडावी एवं श्री विनय देवांगन को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि मतदान दलों को 06 मई को निर्वाचन सामग्री का वितरण किया जाएगा विधानसभा कोरबा व रामपुर के लिए आईटी कॉलेज से एवं विधानसभा कटघोरा व पाली तानाखार हेतु मुकुटधर महाविद्यालय कटघोरा से ईवीएम मशीन वितरित की जाएगी।

# तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य शुरूः कुदमुरा रेंज की सीमा में हाथियों का विचरण, ग्रामीणों में बढ़ा खतरा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में तेंदुपत्ता का संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है और कोरबा तथा कटघोरा वन मंडल में बड़ी संख्या में हाथियो का दल विचरण कर रहा है। जिससे ग्रामीणों को खतरा बढ़ गया। हालाकि वन विभाग के अधिकारी , कर्मचारी व हाथी मित्र दल के सदस्य हाथियों की मौजुदगी वाले क्षेत्र में पहुंचकर लगातार मुनादी करा कर ग्रामीणों को सावधान कर रहे है। बावजूद इसके ग्रामीण तेंदूपत्त संग्रहण के लिए अपने घरों से निकलकर जंगल पहुंच जा रहे है। जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ क्षेत्र के जगंल में विचरण कर रहे हाथियो का तीन दल बीती रात कोरबा वन मंडल अंतर्गत कुदमुरा रेंज की सीमा पर प्रवेश किया और कुदमुरा, गीतकुंवारी व चचिया परिसर के जंगल में पहुंचकर विचरण करने लगा । हाथियों के दल कुदमुरा रेंज में पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया। और लबेद, गीतकुंवारी बैगामार में ग्रामीणों के खेतो में पहुंचकर वहां लगे धान की रबी फसल को बूरी तरह रौंद डाला जिससे संबंधितो को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक कुदमुरा वन परिक्षेत्र के जंगल के कक्ष क्रमांक पी 1139 कुदमुरा में 18 हाथी घूम रहे है। जिसमें दो नर 7 मादा व 8 शावक शामिल है। वही रेंज के गीतकुंवारी जंगल के कक्ष क्रमांक पी 1102 में 36 हाथियो की मौजुदगी अचानक हुई है। इसदल में नर हाथियों की संख्या 7 मादा 20 व 9 शावक की सक्रियता बताई गयी है। जबकि चचिया के कक्ष क्रमांक पी1133 में पांच हाथह है। जिसमें 1 नर, 2मादा व दो शावक जंगल में विरचण रत है। कुदमुरा रेंजमें बड़ी संख्या में हाथियों के आने से ग्रामीण भयभीत है। वहीं तेंदूपत्ता का सीजन शुरू हो जाने के कारण वन विभाग भी ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं हाथी मित्र दल के सदस्यों द्वारा लगातार मुनादी कराई जा रही है। और ग्रामीणों को सतर्क करन का काम किया जा रहा है। उन्हें हाथियो के आने की जानकारी देते हुए सावधानी बरतने व तेंदूपत्ता संग्रहण के लिए फिलहाल जंगल न जाने की सलाह दी जा रही है। उधर कटघोरा वन मंडल के एतमा नगर व केंदई रेंज में हाथी समस्या लगातार बनी हुई है।

# स्वच्छता दीदियाँ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को मतदान के लिए दे रही न्यौता

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी का आमंत्रण पत्र व मतदाता मार्गदर्शिका देकर मतदाताओं से कर रही आग्रह, 07 मई को अवश्य करें मतदान



**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियाँ घर-घर जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाताओं को मतदान हेतु न्यौता दे रही हैं तथा लोकसभा चुनाव हेतु 07 मई को होने जा रहे मतदान में अनिवार्य रूप से अपना वोट डालने का आग्रह मतदाताओं से कर रही हैं। वहीं दूसरी ओर शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पाने के लिए जिला प्रशासन व नगर निगम कोरबा द्वारा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित व जागरूक करन की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों व सभी की सहभागिता देखने को मिल रही है। लोकसभा चुनाव के लिए 07 मई मंगलवार को मतदान होना हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में विगत एक माह से भी अधिक समय से व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने तथा अनिवार्य रूप से अपना वोट डालने के लिए जागरूक, प्रोत्साहित व प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के आव्हान पर समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों, स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों, महिला स्वसहायता समूहों, स्कूल कालेज के छात्र-छात्राओं सहित सभी का सहयोग मतदाता जागरूकता के इस महाअभियान में मिल रहा है। नुक्कड़ नाटक, रैली, दीवाल लेखन, विभिन्न प्रतियोगिताओं व अन्य विविध आयोजनों के माध्यमों से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक, प्रोत्साहित व प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियाँ घर-घर जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से मतदाताओं को मतदान हेतु न्यौता दे रही है, न्यौता की पाती व मतदाता मार्गदर्शिका मतदाताओं को देकर आग्रह कर रही है कि वे 07 मई को होने वाले मतदान में अपना वोट जरूर डालें तथा अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए स्वस्थ मजबूत लोकतंत्र की प्रतिष्ठा में अपनी सहभागिता देवें। जोन के अधिकारी कर्मचारी मतदाता जागरूकता व चुनाव संबंधी कार्यो में सक्रिय - आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी जोन के अधिकारी कर्मचारी मतदाता जागरूकता के कार्यो व मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने में लगातार सक्रिय हैं, जोन कमिश्नरों द्वारा जोन कार्यालयों में एनयूएलएम कार्यकर्ताओं, बीएलओ व अन्य संबंधित कर्मचारियों की बैठकें लेकर मतदाता जागरूकता की दिशा में किए जा रहे कार्यो की निरंतर समीक्षा करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिए जा रहे हैं ताकि जिला प्रशासन द्वारा निर्धारत शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके, वहीं दूसरी ओर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केन्द्रों में पानी, बिजली, शौचालय, साफ-सफाई, मतदाताओं के लिए छाया व पेयजल, मतदान दलों के ठहरने जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु निगम के जोन कर्मचारी निरंतर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया हंगामा

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** बिलासपुर में शुक्रवार रात गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जमकर हंगामा किया। छात्राएं हॉस्टल के बाहर अव्यवस्था समेत अपनी लंबित मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगीं। छात्राओं ने हॉस्टल का गेट तोड़ दिया और नारेबाजी करती हुईं बाहर निकल गईं। प्रदर्शन शनिवार तड़के 3.30 बजे तक चला। दरअसल, यूनिवर्सिटी में आयोजित जिला प्रशासन के स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जाने से वार्डन ने हॉस्टल की छात्राओं को रोक दिया, जिससे वे नाराज हो गईं। छात्राओं का कहना है कि यहां वार्डन हिटलर जैसा बर्ताव करती हैं। उनके तानाशाही रवैए से वे परेशान हैं। शुक्रवार शाम यूनिवर्सिटी कैंपस में जिला प्रशासन ने स्वीप मतदाता जागरूकता के तहत कार्यक्रम रखा था, जिसमें 'स्वीप म्यूजिक फेस्ट लोकतंत्र और संगीत का संगम' कार्यक्रम था। इसमें सभी स्टूडेंट्स को बुलाया गया था। लेकिन, बिलासा देवी गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को वार्डन ने कार्यक्रम में जाने नहीं दिया। छात्राएं भड़क गई और हॉस्टल की समस्याओं समेत अपनी पुरानी मांगों को लेकर हॉस्टल का गेट तोड़कर बाहर आ गईं और जमकर हंगामा किया। छात्राओं ने कहा कि एनएएसी की टीम को दिखाने के लिए चार मंजिला हॉस्टल में लिफ्ट शुरू की गई थी, जिसे एक हफ्ते में ही बंद कर दिया गया है। छात्राओं ने मेस में टेंडर और घटिया खाना देने के साथ ही मेडिकल सुविधाएं मुहैया कराने जैसी मांगें भी रखीं।

### हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर दी जान

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** सरकंडा थाने में पदस्थ हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक प्रधान आरक्षक खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था, जो वापस घर नहीं लौटा। पुलिस उनकी तलाश करती रही। आधी रात को उनका शव घर के पीछे नीम पेड़ पर झूलता मिला। सरकंडा पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मोपका निवासी लखन सिंह मेश्राम सरकंडा थाने में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत था। थाने में उसे मालखाने की जिम्मेदारी दी गई थी। बताया जा रहा है कि वे किसी बात को लेकर परेशान थे। ड्यूटी से लौटने के बाद रात 11 बजे खाना खाकर टहलने की बात कहते हुए घर से निकला। इसके बाद घर के पीछे नीम पेड़ पर रस्सी बांधी और फांसी के फंदे पर झूल गए। रात 1 बजे तक उनके घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिजनों ने घटना की सूचना सरकंडा थाने को दी। पुलिस की टीम उनकी तलाश में जुटी। रात करीब 3 बजे प्रधान आरक्षक लखन मेश्राम का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। प्रधान आरक्षक के आत्महत्या की वजह का अब तक खुलासा नहीं हो सका है, पुलिस मामले के जांच में जुटी है।

### संपत्ति विवाद पर बेटे ने की थी पिता की हत्या

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** सीपत थाने के ग्राम सेलर में हुई अंधे कत्ल की गुत्शी सुलझ गई है। हत्या के आरोप में पुलिस ने उसकी पहली पत्नी के बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपी का कहना है कि उसका पिता के साथ संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद था साथ ही वह उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता है इसलिये उसने हत्या की। घटना में प्रयुक्त बाइक और चाकू को पुलिस ने बरामद कर लिया है। सेलर में 70 वर्षीय कुशल प्रसाद साहू का शव 1 मई को खून से लथपथ एक खेत में मिला था। वह घर से मोटरपंप बंद करने के लिए खेत निकला था लेकिन देर रात तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन हुई। तब ग्रामीणों ने उसका शव देखा और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की तो पता चला कि उसकी बिलासपुर में रहने वाली पहली पत्नी का बेटा दीपक के साथ उसका संपत्ति विवाद चल रहा था। इसे लेकर पूर्व में उनका झगड़ा हुआ था, जिसकी रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी। दीपक घटना के बाद से ही फरार था। वह पिता की अंत्येष्टि में भी नहीं पहुंचा। पुलिस की कई टीमों ने दीपक साहू की तलाश शुरू की। 2 मई को उसके गांव वापस आने के बारे में पता चला तो पुलिस घर पहुंचने से पहले ही उसे रास्ते से ही हिरासत में ले लिया। आरोपी ने पूछताछ में पिता की हत्या की बात कबूल कर ली। आरोपी का कहना था कि उसकी पत्नी को पिता गलत नजर से देखता था, वह भी हत्या का एक कारण था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने हत्या की गुत्थी सुलझाने में तत्परता के लिए एडिशनल एसपी अर्चना झा व मस्तूरी के एसडीओपी निमितेश सिंह की प्रशंसा की है।

## संक्षिप्त समाचार

### किरंदुल-कोट्टावालसा रेललाइन में लैंडस्लाइड, थमे ट्रेनों के पहिए

**जगदलपुर-रायपुर (आरएनएस)।** किरंदुल-कोट्टावालसा रेललाइन में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गया है। जिससे बोडवारा और शिवलिंगपुरम स्टेशन के बीच चट्टान से टकराकर मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया। घटना जगदलपुर से 230 किलोमीटर दूर आंध्रप्रदेश के पास घटी। जिसके चलते रेल आवागमन बंद हो गया है। विशाखापट्टनम से किरंदुल आने वाली पैसेंजर स्पेशल ट्रेन को विशाखापट्टनम में अभी रोक दिया गया है। रेललाइन का दोहरीकरण कार्य चल रहा है। अरकू और कोरापुट रेलखंड में रेलमार्ग अनंतगिरी घाट से गुजरती है। रेललाइन दोहरीकरण के लिए यहां पहाड़ों को काटा जा रहा है। जिससे कभी कभार चट्टानें पहाड़ से टूटकर पटरी पर गिर जाती है। ट्रेक को बहाल करने टीम को मौके के लिए रवाना किया गया है।

### 35 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा-रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के सरहदी इलाकों में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आत्मसमर्पण किया है, इनमें से तीन माओवादियों पर शासन की ओर से एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था. दक्षिण बस्तर में पुलिस व सीआरपीएफ का माओवादियों पर बढ़ते दवाब का परिणाम नजर आने लगा है। जिसके असर के तौर पर सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में सक्रिय 35 माओवादियों ने एक साथ आज समर्पण किया है. आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों की मौजूदगी में मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने कहा कि माओवादी खोखली विचार धारा को समझ चुके हैं. जो लोग नक्सली संगठन को छोड़ कर आ रहे हैं, उनको शासन की पुनर्वासनीति का पूरा लाभ मिलेगा।

### तीन दुकानों में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के सड्डू स्थित राजधानी विहार के पास तीन दुकानों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग लगने से तीन गुमठीनुमा दुकानों का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। आगजनी में दुकानदारों का लाखों का नुकसान हो गया। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। घटना शनिवार की देर रात डेढ़ बजे की बताई जा रही है। विधानसभा थाना क्षेत्र का मामला है।

### मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का आज किया गया रेण्डमाईजेशन

**दुर्ग (आरएनएस)।** लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग में 7 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर्स का रेंडमाइजेशन आज प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक में मतदान दलों के रेण्डमाईजेशन अंतर्गत विधानसभा 62 पाटन के 246 मतदान केंद्रों, 63 दुर्ग (ग्रामीण) के 230 मतदान केंद्रों, 64 दुर्ग (शहर) के 224 मतदान केंद्रों, 65 भिलाई नगर के 169 मतदान केंद्रों, 66 वैशाली नगर के 256 मतदान केंद्रों, 67 अहिवारा के 260 मतदान केंदों, 68 साजा के 102 मतदान केंद्रों एवं 69 बेमेतरा के 22 मतदान केंद्रों हेतु कुल 7243 मतदान अधिकारियों का रेण्डमाईजेशन किया गया। इसी प्रकार विधानसभा क्रमांक 62 पाटन, 63 दुर्ग (ग्रामीण), 64 दुर्ग (शहर), 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा सहित सभी छः विधानसभाओं हेतु 126 माइक्रो आब्जर्वर्स का रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन, अपर कलेक्टर श्री अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बजरंग दुबे एवं अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी, ए.आर.ओ. श्री सोनल डेविड, श्री दीपक निकुंज, श्री मुकेश रावटे सहित समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

### दुकान के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर (आरएनएस)।** चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुमार हरपाल 37 वर्ष बीएसयूपी कालोनी भाठागांव का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमएक्स 7669 को चिकनी मंदिर के पीछे अमित एजेंसी दुकान के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

## केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया... पर झूमे श्रद्धालु, शांति करो सब जगत में वृषभादिक जिनराज...

### भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा-चालों शांतिनाथ के दरबार में गूंजे शांतिनाथ के जयकारे

**जयपुर (विश्व परिवार)।** मानव एवं समाजसेवा के क्षेत्र में अग्रणी जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के तत्वावधान में रविवार 5 मई को भक्तिमय जिनेन्द्र पूजा चालों शांतिनाथ के दरबार में धार्मिक आयोजन किया गया। इस मौके पर आयोजित संगीतमय श्री शांतिनाथ महामण्ड़ल विधान पूजा में दम्पति सदस्यों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह में आयोजित कार्यक्रम पूजा के दौरान भगवान शांतिनाथ के जयकारों से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

इससे पूर्व श्री जी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और शांति एवं खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। भगवान शान्तिनाथ की प्रतिमा के समक्ष अतिथियो द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं मंगल कलश स्थापित कर दोपहर 12.15 बजे से संगीतमय शांतिविधान पूजा का शुभारंभ किया गया। प्रसिद्ध गायक नवीन जैन एण्ड पार्टी द्वारा संगीत के साथ भक्ति मय प्रस्तुति दी गई। पूजन के दौरान सौधर्म इन्द्र सचिन-कल्पना जैन कामां वाले, कुबेर इन्द्र कमल-मंजू वैद, महायज्ञ नायक मनोज-सीमा सोगानी पहाडी वाले एवं ईशान इन्द्र आशीष-मोनिका वैद सिरोली वाले एवं संस्थापक अध्यक्ष विनोद-दीपिका जैन कोटखावदा, अध्यक्ष चेतन-मीनू जैन निमोडिया के नेतृत्व में सभी इन्द्र-इन्द्राणियों द्वारा केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया...., चालों शांतिनाथ के द्वारे..., जब से प्रभू दर्श मिला...., बाजे कुण्डलपुर में बधाई कि नगरी में वीर जन्में....पर भक्ति नृत्य किए गए। मण्डल पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वलय में मंत्रोच्चार से अष्ट द्रव्य के 8, 16, 32 एवं 64 अर्घ्य चढाये गये। अन्त में शांतिनाथ भगवान की आरती एवं समुच्चय महाअर्घ के साथ पूजा का समापन हुआ।




अध्यक्ष चेतन जैन निमोडिया ने बताया कि इस मौके पर समाजसेवी लाल चन्द कठमाणा वाले मुख्य अतिथि, मनोज सोगानी पहाडी वाले दीप प्रज्जवलनकर्ता, मोहित राणा, नितिन जैन बनेठा, राजीव लाखना विशिष्ट अतिथि तथा सासंद राम चरण बोहरा, सासंद प्रत्याशी मंजू शर्मा गौरवमयी अतिथि थे। जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो की ओर से सभी अतिथियो का तिलक, माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर विनोद जैन कोटखावदा, चेतन जैन निमोडिया, कमल वैद, दीपक गोधा, सुशील जैन, आशीष जैन, पंकज जैन, अरुण जैन, नरेश बाकलीवाल, मुकेश पाटनी, दीपिका जैन कोटखावदा, मीनू जैन, शालू बाकलीवाल, नेहा जैन, दीपा गोधा, रेखा पाटनी आदि ने स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सचिव आशीष जैन ने बताया कि भाजपा शहर पूर्व अध्यक्ष संजय जैन, , अशोक पाण्डया, भारतभूषण जैन, पूर्व अध्यक्ष मनीष बैद, दीपक गोधा, सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के दम्पति सदस्य, नार्दन रीजन के पदाधिकारी एवं समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। श्री जैन के मुताबिक कमल-मंजू वैद ने मुख्य संयोजक, राजेन्द्र-विमला छाबड़ा, प्रदीप-रानू जैन ने संयोजक के रुप में अपनी सहभागिता निभाई। मंच संचालन विनोद जैन कोटखावदा एवं चेतन जैन निमोडिया ने किया। सचिव आशीष जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। **-विनोद जैन कोटखावदा**

## आखा तीज महान, दिया कर्मों का ज्ञान : आचार्य श्री अतिवीर मुनि जी

**दिल्ली (विश्व परिवार)।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर देवाधिदेव श्री ऋषभदेव भगवान को वैसाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि को हस्तिनापुर में इक्षु रस का प्रथम आहार प्राप्त हुआ था। उसी दिन से दान-तीर्थ का प्रवर्तन हुआ तथा इस शुभ तिथि को अक्षय तृतीया के नाम से पुकारा जाने लगा। महामुनि ऋषभदेव ने जैनेश्वरी दीक्षा अंगीकार कर सर्वत्र अहिंसा का पाठ पढाया तथा जन मानस के समक्ष त्याग-तपस्या की परिभाषा को लिख डाला। छह माह तक घोर तपश्चर्या के पश्चात जब मुनिराज आहारचर्या हेतु नगर की ओर बढे तो किसी भी श्रावक को दिगम्बर मुनिराज की आहारचर्या की विधि का ज्ञान नहीं था। राजा श्रेयांस को जाति-स्मरण हुआ तब उन्होंने पड़गाहन कर नवधाभक्ति पूर्वक महामुनि ऋषभदेव का निरन्तराय आहार करवाया।



हम सभी ने महामुनि की प्रथम आहारचर्या की खुशी तो मना ली परन्तु क्या कभी इस तथ्य पर गौर किया कि ऐसे महातपस्वी को भी आहार के लिए इतने लम्बे समय के लिए क्यों इंतज़ार करना पड़ा? क्या सदैव तपस्या में संलग्न, सदा कर्मों की निर्जरा में तत्पर महामुनि ऋषभदेव को भी पूर्व में किए गए कर्मों का हिसाब देना पड़ा। शायद हम सभी ने अपनी सुविधा के लिए इन सभी विषयों को गौण कर बस उनकी प्रथम आहारचर्या का उत्सव मना लिया। लेकिन वास्तविकता को नकारा नहीं जा सकता और हमें इसपर चिन्तन अवश्य करना होगा कि कर्मों की मार से कोई भी, कभी भी, किसी भी सूरत में नहीं बच सकता।

अक्षय तृतीया केवल महामुनि ऋषभदेव का पारणा दिवस नहीं है अपितु यह दिवस इस बात का भी द्योतक है कि पूर्व में किए गए कर्म हमारे आगे अवश्य आते है तथा हमें उन सभी का हिसाब-किताब यही पर चुकता करना पड़ता है। राजकुमार अवस्था में श्री ऋषभदेव ने फसल की सुरक्षा के लिए जानवरों के मुख पर छींका बांधने की प्रेरणा दी थी, फलस्वरूप उन्हें छः माह तक आहार प्राप्त नहीं हुआ। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या केवल प्रेरणा देने मात्र से इतना कष्ट? जी हाँ, बिलकुल ऐसा ही होता है। आगम के झरोके से यह स्पष्ट होता है कि सभी जीवों को कृत-कारित-अनुमोदना, इन तीनों के द्वारा पाप कर्म का आश्रव होता है। पाप को स्वयं करना अथवा किसी दूसरे के द्वारा करवाना अथवा किसी दूसरे के द्वारा किए गए पाप की प्रशंसा करना, इन सभी में महापाप का बंध होता है।

हम सभी को अपने अन्तरंग में झाँककर यह भली प्रकार से देख लेना चाहिए कि हम कब, कहाँ और किस प्रकार से पाप कर्म का बंध कर रहे हैं। जीवन में सदैव सचेत अवस्था में रहकर पाप से बचते हुए अपने परम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अविरल बढ़ते रहना चाहिए। आचार्यों ने कहा है कि एक मूर्छित व्यक्ति दस मुर्दों से भी ज्यादा खतरनाक होता है। हम अपने जीवन में हमारी नादानी, हमारी अज्ञानता, हमारी असावधानी के कारण ना जाने कितने कर्मों का बंध कर लेते हैं। अक्षय तृतीया के इस परम पुनीत दिवस पर हम सभी को यह अवश्य समझना होगा कि कर्मों के बही-खाते से कोई भी जीव नहीं बच सकता तथा अपने जीवन में सदा सावधानी रखते हुए आत्म-कल्याण के लिए अग्रसर रहना चाहिए।

## इप्टा की ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य कार्यशाला 10 से

### भिलाई, भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) द्वारा आयोजित 26वीं

**भिलाई (आरएनएस)।** ग्रीष्मकालीनबाल एवं तरुण नाट्य कार्यशला 10मई से 30 मई तक भिलाई में आयोजित की गई है। ज्ञातव्य है कि भिलाई इप्टा द्वारा पिछले 27वर्षों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार हर वर्ष 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीनबाल एवं तरुण नाट्य कार्य शाला का आयोजन किया जाता रहा है( करोना महामारी के कारण दो वर्षों को छोड़कर )इस वर्ष आम चुनाव एवं चुनाव आचार्य संहिता के कारण कार्यशाला की तिथि 10मई से 30 मई तक निर्धारित की गई है।30 एवं 31 मई को बच्चों द्वारा शिविर में तैयार किए गए,गाने, नृत्य एवं नाटकों की मंच प्रस्तुति की जाएगी।

नाट्य शिविर में इप्टा के अनुभवी कलाकारों द्वारा द्वारा बच्चोंको योग, क्राफ्ट, थिएटर गेम्स,गायन, चित्रकला( कार्टून), मूर्तिकला,अभिनय, स्क्रिप्ट राइटिंग का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ के नामी गिरामी साहित्यकार, उपन्यासकार, कहानीकारकवि,व्यंग्यकार,लोक कलाकार एवं पत्रकारों से रूबरू कराया जायेगा प्रशिक्षण हेतु फॉर्म इप्टा कार्यालय नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1से शाम 6:30से रात्रि 9:00बजेतक प्राप्त किए जा सकते हैं। 12वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे प्रशिक्षण में भागीदारी कर सकते हैं और जानकारी के लिए चित्रांश श्रीवास्तव(93032 49355), (चारु श्रीवास्तव( +91 98066 48125 (रोशन घड़ेकर+91 98271 18996 रोहित रेड्डी (+91 99936 55117 निकिता कुमारी (+91 75871 05303) ,पलक( 78284 73272) से संपर्क कर सकते हैं।

## सम्पन्नता पूर्व संचित कर्म तथा तत्काल कर्म फल से मिलते हैं : आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज

**विदिशा (विश्व परिवार)।** किस्मत से सब मिलता है, पुरुषार्थ से सब चलता है संत भवन होगा तो आपकी कालोनी में संतो का आवागमन रहेगा और आपकी किस्मत चमकती रहेगी भूत में जो पुरूषार्थ किया था उसी पुरुषार्थ से आज यह संपन्नता और जिनमंदिर नजर आ रहा है पेट भरना है तो पहले आपको रोटी बनाना पड़ेगी तभी आपको खाने को मिलेगी, संपन्नता पूर्व संचित कर्म तथा तत्काल कर्म फल से मिलते है, यदि आप तत्काल कोई फल पाना चाहते हो तो वह है देव पूजा और गुरु अर्चना जिसका फल आपको तत्काल नजर आता है। उपरोक्त उद्‌गार आचार्य श्री विनम्रसागर जी महाराज ने बासूपूज्य जिनालय इन्द्रप्रस्थ कालोनी में प्रात:कालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किये।



समाज प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया आचार्य श्री संघ की प्रात:कालीन बेला में इनद्रप्रस्थ कालोनी में आऐ एव समाज द्वारा मंगल अगवानी की गयी। तत्पश्चात आयोजित धर्म सभा में मंदिर टृस्ट कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन शिक्षक, जय कुमार जैन स्वागत, डा. एम सी जैन, प्रवक्ता अविनाश जैन ने गुरु चरणों का पादप्रक्षालन किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुये योग शिक्षक डा.ए.के जैन ने संत भवन निर्माण कार्य की रुपरेखा रखी, राजेन्द्र भंडारी, संजय भंडारी, सुनील जैन सहित मंदिर टृस्ट कमेटी तथा मुनि सेवक संघ के सभी सदस्यो तथा महिलामंडल ने आचार्य श्री संघ को श्री फल अर्पित करते हुये आशीर्वाद प्राप्त किया सभा को सम्वोधित करते हुये आचार्य श्री ने कहा कि इन्द्रप्रस्थ कालोनी में आज जो सपन्नता दिख रही है वह तत्काल का पुरुषार्थ नहीं वल्कि पूर्व का किया पुरुषार्थ है उन्होंने अच्छी किस्मत का उदाहरण देते हुये कहा कि जिन लोगो को आम की गुठली में आम का वृक्ष और उस पर लदे सैकड़ों आम दिखाई देते है, तो यह उनकी अच्छी किस्मत का सूचक है और यदि प्रत्येक आत्मा में परमात्मा तथा इंसान के अंदर भगवान नजर आ गये तो वह सबसे बड़िया किस्मत के धनी होने का सूचक है।उन्होंने कहा कि आप अपनी किस्मत को बनाने बाले भी स्वं है और उसका फल भी आप ही भोग सकते है वह फल तत्काल भी मिलता है तथा संचित कर्म का भी होता है उन्होंने तत्काल फल का उदाहरण देते हुये कहा कि जब आप मंदिर आते है और भगवान का अभिषेक तथा पूजा करते है, और यदि गुरु महाराज का पड़गाहन कर आहार देते है तो आपको जो प्रसन्नता मिलती है वह तत्काल तो मिलती ही है वह पुण्य भविष्य के लिये भी संचित होता है। किस्मत से सब मिलता है, पुरुषार्थ से सब चलता है लेकिन पुरुषार्थ के साथ साथ अच्छी किस्मत बनाना भी जरूरी है और अच्छी किस्मत तब ही बनेगी जब तुम्हें वीतराग भगवान के अंदर से दर्शन हो जाऐंगे उन्होनें कहा कि कयी लोगों के पास करोड़ों की अरबों की संपदा तो है लेकिन उनकी किस्मत अच्छी नही उनके चहरे पर प्रसन्नता के भाव ही नहीं दिखते।उन्होंने कहा कि सभी का धन अच्छे कार्यों में जिनमंदिर और संत भवन बनाने में नहीं लगता, अच्छे कार्यों में धन लगाने के लिये भी संचित पुण्य होंना चाहिये। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया श्री संघ द्वारा दौपहर 2=30 बजे करुणानुयोग तथा 3=30 बजे आचार्य श्री द्वारा स्वाध्याय कक्षा लगाई गयी जिसका लाभ उपस्थित समाज ने भी लिया। 6=30 बजे सांयकाल गुरु भक्ती अरिहंत विहार जैन मंदिर में संपन्न हुई। सोमवार से प्रात:8-15 से प्रवचनसभा एवं 9-45 से आहार चर्या संपन्न होगी। सभी से निवेदन है समय पर पहुंच कर धर्म लाभ लेवें।**-अविनाश जैन**

## जिला दण्डाधिकारी द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, बाहरी राजनैतिक पदाधिकारी जायेंगे जिले से बाहर

### मतदान हेतु शांति व्यवस्था बनाने प्रतिबंधात्मक आदेश

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में लोकसभा निर्वाचन निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण दुर्ग जिले की राजस्व सीमा अंतर्गत निर्वाचन वाले क्षेत्रों में दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार जिला दुर्ग में बाहरी व्यक्तियों / अभ्यर्थियों / राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों / चुनाव प्रचार में संलग्न कार्यकर्ता जो उस निर्वाचन क्षेत्र का मतदाता नहीं है उन्हें मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक संबंधित क्षेत्र में आवागमन पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रत्याशी या राजनैतिक दल द्वारा सामुहिक भोज / रसोई का आयोजन नहीं किया जाएगा। अतिथि भवनों और धर्मशालों को भी सतर्कता के तहत रखा जाये ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि इन्हें राजनीतिक पार्टियों या उम्मीदवारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी तरीके से प्रभावित करने के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिला दुर्ग की सीमा के अंदर किसी भी व्यक्ति / समूह या राजनैतिक दलों को लाउड स्पीकर का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। मतदान का समय समाप्त होने के 48 घंटे की अवधि के दौरान लाउड स्पीकर का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। कोई भी 05 से अधिक व्यक्तियों का क्षेत्र में एकत्रित होने की अनुमति नहीं दी जावेगी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचरण संहिता का प्रत्येक राजनैतिक दल या अभ्यर्थी को पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।

जिला दण्डाधिकारी का यह आदेश लोकसभा निर्वाचन 2024 में बाहरी सशस्त्र एवं सुरक्षा बल, निर्वाचन कार्य में लगे कर्मी व एम्बुलेंस एवं आपातकालीन सेवा पर लागू नहीं होगा। दुर्ग जिले के राजस्व सीमा में आने वाले सभी सराय, धर्मशालाओं, होटलों तथा लॉज के मालिकों / प्रबंधक अपने सराय, धर्मशाला, होटल एवं लॉज में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में तत्काल प्रस्तुत करेंगे। आदेश के उल्लंघन करने की दशा में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अंतर्गत छः माह तक का कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डनीय होगा।

उल्लेखनिय है कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली की घोषणा अधिसूचना 16 मार्च 2024 के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु तृतीय चरण में मतदान 07 मई 2024 को सम्पन्न होगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में जिला दुर्ग अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र 62 पाटन, 63 दुर्ग ग्रामीण, 64 दुर्ग शहर, 65 भिलाई नगर, 66 वैशाली नगर, 67 अहिवारा, तथा आंशिक विधानसभा क्षेत्र 68 साजा एवं 69 बेमेतरा शामिल हैं। मतदान को सुचारू रूप से संचालन एवं मतदान दिवस को कानून व्यवस्था लोक परिशांति आपसी सदभाव करने एवं स्वतंत्र व निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराने के लिए यह प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया गया है।

### कलेक्टर ने की मतदाताओं से की विनती

## नगर निगम द्वारा घर-घर और दुकानों में मतदाताओं को बांटे विनती-गेलोली पाम्पलेट

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा निर्देश पर लोकसभा निवार्चन 2024 नगर निगम द्वारा सीमाक्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए घर- घर व दुकानों में विनती-गेलोली पाम्पलेट एवं जागरूक करने प्रत्येक बूथ में स्वीप रथ पाम्पलेट बांटे गए। मतदाताओं को घर-घर एवं शहर क्षेत्र के दुकानों में पाम्पलेट वितरण कर शत- प्रतिशत मतदान हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कर अपील किया जा रहा है। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदीयों एवं सुपर वाईजरों द्वारा शहर क्षेत्र अंतर्गत जोन वार समस्त वार्ड के गली मोहल्ले के घरों व दुकानों में मतदाताओं को विनती-गेलोली पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है।लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि घर-घर विनती-गेलोली पाम्पलेट लेकर शत प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदाताओं से विनती कर अपील की है।विनती-गेलोली जिला प्रशासन के अभियान, सरलहा अउ समलाती मतदान दुर्ग के मयारू मतदातामन, जय जोहार,आपमन जानत हव कि 07 मई, 2024 के लोकसभा मतदान होवइया है।जिला प्रशासन डहर ले आपमन के सरलहा अउ समलाती मतदान बर केन्द्र मन में सबो सुभीता पक्का करे गय हे। अब आप सबो मतदातामन के पारी हे कि अपन दुर्ग क्षेत्र ल सुग्घर मतदान के चिन्हारी देवावव।देश गढ़ई अउ सच्चा जनप्रतिनिधि चुनई आपमन के अधिकार ए। ठिन्ना लोकतंत्र के सौ प्रतिशत मतदान बर हम सबो के भाग लेवई जरूरी हे। मैं आप सबो मतदाता मन ले विनती करत हंव कि अपन कुटुम अउ संगवारी मन समेत ठीक बेरा में आके मतदान खचित करव।

## रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने युवा भाजपा नेता सक्रिय

**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन लगातार सक्रिय हैं। युवा नेता देवांगन भाजपा मंडल, नवापारा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथों में लगातार जाकर वहां के पदाधिकारियों और सदस्यों से मुलाकात कर उनके साथ बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने आवश्यक चर्चाएं कर रहे हैं।



देवांगन ने बताया कि हर किसी के साथ-साथ कांग्रेसी भी इस बात को भलीभांति जानते हैं कि बृजमोहन भैया का जीतना तय है। यही वजह है कि हताश कांग्रेसी केवल खानापूर्ति के लिए अनमने ढंग से प्रचार कर रहे हैं जबकि हम सभी बृजमोहन भैया को देश की सबसे बड़ी जीत दिलाने का संकल्प लेकर प्रचार कर रहे हैं।

देवांगन ने बताया कि कांग्रेस और विपक्षी दल हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है जबकि भाजपा ने लोगों के संतुष्टिकरण की। मोदी जी के 10 वर्षों के कार्यकाल में करोड़ों लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिला, हर घर शौचालय मिला, आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख लोगों को नि:शुल्क इलाज मिला, करोड़ों महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत नि:शुल्क गैस कनेक्शन मिला, कोरोनाकाल से लेकर अगले वर्षों तक 5 किलो प्रति सदस्य नि:शुल्क अनाज मिल रहा है, करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिली ऐसी अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सर्ववर्ग को ध्यान में रखकर मोदी सरकार द्वारा लाई है, जिसकी लाभ लोगों को आज भी मिल रहा है और आगे भी मिलता रहेगा।

देवांगन ने आगे बताया कि अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण करवाकर सनातनियों का सम्मान, 3 तलाक खत्म कर मुस्लिम बहनों का सम्मान, धारा 370 खत्म कर जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर से भारत का अभिन्न अंग बनाना, सीएए और यूसीसी जैसे कानून लाना मोदी सरकार की देशहित में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। इन सभी बातों को गांव-गांव के प्रत्येक जन तक पहुंचकर उन्हें बताना है और मोदी सरकार के पक्ष में मतदान हेतु प्रेरित करना है।

देवांगन ने अंत में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी को देश की जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है और इसी के चलते पहले दो चरणों के चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में जबरदस्त मतदान हुआ है। पहले दो चरणों में भाजपा 125 से अधिक सीट हासिल कर चुकी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाकी के 5 चरणों के चुनाव में भाजपा अबकी बार 400 पार के अपने पूर्व निर्धारित लक्ष्य को हासिल कर लेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए दंपति पर भालूओं ने किया हमला

**बालोद(विश्व परिवार)।** ब्लॉक के ग्राम कांडे में शनिवार को सुबह करीब 5:30 बजे एक ग्रामीण और उसकी पत्नी पर दो भालूओं ने हमला कर दिया। इस बीच महिला किसी तरह से पेड़ पर चढ़कर खुद की जान बचाई, इस बीच भालुओं ने उसके पति को बुरी तरह से नोंच डाला था। घबराई महिला ने आसपास के लोगों को मदद के लिए आवाज दी और इसके बाद भालू वहां से भाग गए। वर्तमान में बालोद जिले में तेंदूपत्ता तोड़ाई का काम जोरशोर से चल रहा है। ग्रामीण बड़ी संख्या में तड़के जंगल पहुंचकर तेंदूपत्ता तोड़ने में लगे हुए हैं। ग्राम कंडे निवासी महेंद्र नेताम और उसकी पत्नी भी जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे कि इसी दौरान दो भालुओं ने उन पर हमला कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास पत्ता तोड़ रहे अन्य लोग मौके पर पहुंचे तब तक भालू भी जंगल में वापस भाग गए थे। घायल महेंद्र नेताम को तत्काल संजीवनी वाहन की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा लोगों से अपील की जा रही है कि सुरक्षा का ध्यान रखते हुए भालू य अन्य जंगली जानवर प्रभवित घने जंगल में जाने से बचें, घटना के बाद वन विभाग भी अलर्ट हो गया है और लोगों को लगातार आगह कर घने जंगल में जाने से बचने की सलाह दे रहा है।

### मिर्गी शिकायत ग्रामीण की डूबने से मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** उरगा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ढोढ़ातराई गांव में 50 वर्षीय ग्रामीण की नहर में डूबने से मौत हो गई। उसका शव मौके से बरामद कर लिया गया है। टीआई के.के.वर्मा ने बताया कि ग्रामीण को कुछ समय से मिर्गी की शिकायत थी। डॉक्टर ने परिजनों को सुझाव दिया था कि पीड़ित को पानी और आग से दूर रखा जाए। घटना दिवस को ग्रामीण परिजनों से नजर बचाकर नहाने के लिए चला गया। उसी दौरान उसे मिर्गी का दौरा आ गया और फिर वह चाहकर भी किनारे नहीं आ सका। उसके घर में नहीं होने पर लोगों ने यहां-वहां खोजबीन की। इस दौरान नहर में उसे मृत स्थिति में पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम वहां पहुंची। 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### बाइकर्स को बचाने के चक्कर में नहर में गिरा कोयला लोड ट्रेलर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** आज सुबह यहां के हसदेव दायीं तट नहर में कोयला लोड ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अचानक सामने आए बाइक चालक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर चालक हड़बड़ा गया। अगले क्षण ट्रेलर नहर में जा समाया। खबर के मुताबिक घटना के बाद चालक ने लगभग एक किलोमीटर की दूरी तैरकर पार की और खुद को बचा लिया। जिले के कुसमुंडा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आज सुबह यह घटना हुई। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान से कोयला लोड कर चालक अपने गंतव्य को जाने के लिए निकला था। बताया जाता है कि सर्वमंगला रेल फाटक पार करते ही सामने अचानक बाइक सवार आ गया जिसे बचाने के फेर में वहां अनियंत्रित हो गई और रेलिंग को तोड़ते हुए नहर में नीचे जा गिरा। हादसे के अगले परिणाम को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक ने बुद्धिमता से काम लिया और वाहन के दरवाजे को खोल नहर में छलांग लगा दी। नहर में उस समय लगभग 800 क्यूसेक पानी बह रहा था। तैराकी जानने से चालक के लिए अनुकूल स्थिति रही और उसने तैरते हुए खुद को बचा लिया। उसने इस दौरान लगभग एक किलोमीटर की दूरी पार की। इस घटना के बाद वाहन चालक ने इसकी सूचना वाहन मालिक को दी जहां मौके पर पहुंचे उसने घटनाक्रम की जानकारी ली और इस हादसे में चालक चोंटे आई हैं जहां उसे अस्पताल के लिए रवाना किया गया।

### जिला प्रशासन व प्रेस क्लब कोरबा के मध्य खेला गया स्वीप सद्भावना मैच

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने हेतु जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला प्रशासन एवं प्रेस क्लब के मध्य स्वीप क्रिकेट सद्भावना मैच का आयोजन प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिला प्रशासन टीम के कप्तान सीईओ जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में खेले गए रोमांचक मैच में प्रेस क्लब की टीम विजयी हुई। मैच समाप्ति के पश्चात कलेक्टर द्वारा विजेता टीम प्रेस क्लब के कप्तान एवं उपविजेता टीम के कप्तान को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विजेता व उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# जिले में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराना हम सबका दायित्व-प्रेक्षक

## कलेक्टर एवं एसपी की उपस्थिति में कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित

### केंद्रीय बलों के कमांडेंट, पुलिस अधिकारी और राजस्व अधिकारी रहे उपस्थित




**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कानून व्यवस्था के संबंध में आज प्रेक्षक श्री प्रेमसिंह मीणा ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत एवं पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में बैठक ली। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। मतदान से 72 घंटे पूर्व सभी क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनी रहे, किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पुलिस, राजस्व अधिकारी और केंद्रीय बलों का आपस में समन्वय हो। जिन स्थानों पर जिनकी ड्यूटी लगी हो वे जिम्मेदारी के साथ वहां दिखाई दें और फील्ड पर भी वर्दी में जवान गश्त करते नजर आयें। उन्होंने मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्रों में सुरक्षा बल तैनात करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय कोरबा के सभाकक्ष में आयोजित कानून व्यवस्था संबंधी बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वसंत और पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने कोरबा जिले में निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था तथा फ्लैग मार्च, जांच आदि की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि कोरबा लोकसभा में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तथा पारदर्शिता से मतदान कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को पुलिस तथा केन्द्रीय बलों के साथ समन्वय स्थापित करने और निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान कानून व्यवस्था बनाये रखने कहा। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया में किसी प्रकार का बाधा पहुंचाने वालों पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोरबा जिले में निर्वाचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था हेतु आईटीबीपी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, छत्तीसगढ़ सशस्त्रबल की कंपनियां पहुंच चुकी है। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार बल उपलब्ध कराये जा रहे हैं। पुलिस की भी ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर सुरक्षा बल लगाये जा रहे हैं। रात्रि में पेट्रोलिंग भी की जा रही है। बैठक में प्रेक्षक श्री मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन की गतिविधि जिले में सुचारू रूप से शांतिपूर्वक संचालित हो सके इस दिशा में हर स्थिति में लॉ एण्ड आर्डर बनाये रखते हुए गंभीर प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अन्य राज्यों तथा जिलों की तुलना में कोरबा जिला को शांतिप्रिय बताते हुए कहा कि इस बार भी निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके इसके लिए सुरक्षा में लगे जवानों को एलर्ट रहना है। उन्होंने केंद्रीय बलों के अधिकारियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि मतदान दिवस को पुलिस तथा प्रशासन के अधिकारियों के साथ ट्यूनिंग बनाकर फील्ड पर गश्त करें। शांतिपूर्ण मतदान में आप सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। प्रेक्षक श्री मीणा ने जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन संबंधी की जा रही तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि बाहर से आये केंद्रीय सुरक्षा बलों को अनावश्यक तनाव में नहीं रहने और आवश्यकतानुसार सहयोग की बात कही।

# सीईओ जनपद पंचायत कोरबा ने गुरमा के बाजार में पीले चांवल के साथ मतदान का दिया न्योता

### सिंधिया ग्राम पंचायत में महिलाओं ने मेहंदी, रंगोली, शपथ, रैली आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देषन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्षन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के सभी छात्र- छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में जनपद पंचायत कोरबा की सीईओ श्रीमती इंदिरा भगत ने दूरस्थ ग्राम पंचायत गुरमा के हाट-बाजार में दुकानदारों व ग्रामीणों को पीले चांवल देकर का 07 मई को मतदान करने का न्योता दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चचिया एवं ग्राम पंचायत कुदमुरा में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली बनाई। शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही ग्रामीण महिला पुरुष के द्वारा अनिवार्य मतदान के लिए गांव में जगह-जगह रैली निकाली गई। ग्राम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेन्द्र सोनवानी ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नानपुलाली के वन क्षेत्र में तेंदूपत्ता संग्राहकों को 07 मई को मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। जनपद पंचायत कटघोरा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत ग्रामीण महिला पुरुषों ने लोकसभा निर्वाचन में षत-प्रतिषत मतदान करने की शपथ लेकर रैली निकाली। ग्राम पंचायत केसला में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान संबंधी पोस्टर प्रदर्शित करके रैली निकाली। ग्राम पंचायत बिरदा में ग्रामीण महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही गांव में कलश यात्रा निकालकर षत-प्रतिषत मतदान के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत करने का संदेश दिया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हाथों में मेहंदी लगाकर तथा रंगोली बनाकर षत-प्रतिषत मतदान का संदेष दिया। इसके साथ ही स्वीप गतिविधि के अंतर्गत पोस्टर प्रदर्षित करते हुए मानव श्रृंखला बनाकर गांव में रैली निकाली।

# आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी करायेंगे कोरबा जिले में मतदान

### महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग और युवा मतदान केन्द्र बनाये गये

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अन्तर्गत कोरबा जिले में मतदान हेतु सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। कोरबा जिले में 1087 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों में एक पीठासीन अधिकारी, मतदान दल अधिकारी-1, मतदान दल अधिकारी-2 एवं मतदान दल अधिकारी-3 तथा एक पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। संवेदनशील तथा अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों में अतिरिक्त बल लगाया गया है। इसके अलावा 118 सेक्टर अधिकारी, 75 माइक्रो आब्जर्वर की ड्यूटी लगी है। आपातकालीन स्थितियों के लिए लगभग एक हजार मतदान कर्मियों को रिजर्व में रखा गया है। जिले में आठ हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने अपनी भूमिका निभायेंगे। मतदान 07 मई को सुबह सात बजे से शाम छः बजे तक संपन्न होगा। मतदान कर्मियों को सामग्री का वितरण 06 मई को आईटी कालेज झगरहा एवं मुकुटधर पाण्डेय शासकीय महाविद्यालय कटघोरा से किया जायेगा। यहां आवश्यक व्यवस्थाएं भी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने बताया कि जिले में मतदान हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिले के मतदाता अपने संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के नजदीकी मतदान केन्द्रों में पहचान पत्र साथ ले जाकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से बिना किसी के दबाव में आए मतदान कर सकते हैं।

# मतदान कराने कोरबा जिले से बाहर जाएंगे मतदान कर्मी

### मतदान कर्मियों को समय पर उपस्थित होने के दिए निर्देष

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा जिले से अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी मतदान दल के रूप में गौरेला-पेण्ड्रा (मरवाही विधानसभा) क्षेत्र में लगाई गई है। उक्त मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को गौरेला-पेण्ड्रा ले जाने हेतु वाहन की व्यवस्था की गई है। एसडीएम कोरबा श्री श्रीकांत वर्मा ने बताया कि विकासखण्ड कोरबाके अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बस पीजी कॉलेज कोरबा, करतला क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करतला खेल मैदान, षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर खेल मैदान तथा प्राथमिक षाला बरपाली के खेल मैदान के सामने से बस रवाना होगी। पोड़ी-उपरोड़ातथाकटघोरा क्षेत्र के अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बस तहसील कार्यालय कटघोरा से तथा पाली क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए षासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली से बस रवाना होगी। सभी बसें 05 मई को दोपहर 12 बजे मतदान दल को लेकर गौरेला-पेण्ड्रा के लिए रवाना होगी।

# शिवलिंग खंडित करने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

### हिंदू संगठन ने किया प्रदर्शन

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** शिवालय तोड़ने वाले असली गुनहगारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर हिंदू संगठन ने राजिम में नेशनल हाईवे जाम किया। जिले के विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आज राजिम के पंडित श्यामाचरण शुक्ल में एकत्रित होकर नेशनल हाईवे 130 सी को जाम कर दिया. आक्रोशित संगठन लगातार नारेबाजी किया. जाम के चलते दोनों छोर में वाहनों की लंबी कतारें लग गई. इसकी जानकारी मिलते ही एसडीएम अर्पिता पाठक और पुलिस अफसर मौके पर पहुंचकर अब तक हुई कार्रवाई से अवगत कराया. बाकी आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद जाम को बहाल किया गया. हिंदू संगठन ने 3 घंटे बाद प्रदर्शन खत्म किया। दरअसल राजिम थाना क्षेत्र के दुतकैया ग्राम में स्थित शिवालय को 30 अप्रेल की रात कुछ असमाजिक तत्वों ने न केवल खंडित किया था बल्कि उस पर शराब भी उड़ेला गया था. मामले की जानकारी 1 मई की सुबह पता लगते ही ग्रामीण बोधन साहू ने मामले की शिकायत राजिम थाने में की. राजिम पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने अगले दिन अहमद खान नाम के आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की, जिसमें आरोपी ने एक नाबालिग व अन्य समेत 3 लोग मिलकर घटना को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की. पुलिस ने एक आरोपी को 3 मई को जेल दाखिल करा दिया. एक नाबालिग समेत सफी खान नाम का आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर था. सूचना है कि इन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इधर हिंदू संगठन के पदाधिकारी शिशुपाल सिंह राजपूत, गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि घटना के असली गुनहगारों को नहीं पकड़ा गया है।

# करतला ब्लॉक में मतदाता जागरूकता के तहत विभिन्न गतिविधियों का किया गया आयोजन

### बाइक रैली, मानव श्रृंखला, रंगोली निर्माण जैसे कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का दिया गया संदेश




**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीप के तहत बाईक रैली, मानव श्रृंखला, दीवार लेखन, नारा लेखन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, पेंटिंग, भाषण, मेहंदी, रंगोली जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को मतदान में सक्रियता से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत की उपस्थिति में जनपद पंचायत करतला के हाईस्कूल मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर ने ग्राम पंचायत रामपुर निवासी होम वोटर 85 वर्षीय वरिष्ठ महिला मतदाता श्रीमती आसिन बाई का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया तथा उनसे प्रेरणा लेकर मतदान करने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री संबित मिश्रा, करतला जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ श्री राजेन्द्र कंवर सहित विभिन्न विभागों के खण्ड व पंचायत स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने शासकीय हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि करतला में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 07 मई को आमजनों को शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करना है। मतदान दिवस के दिन कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर मतदाता की सुविधा के लिए छाया और शीतल पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी की सहभागिता आवश्यक है। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप सभी अपनी भूमिका निभाएं।

दैनिक
विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

## कलर्स ने अपने नवीनतम शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की घोषणा की

**रायपुर।** दर्शकों के लिए कुकिंग की गड़बड़ियों से सजा हुआ लाफ्टर से भरा प्लैटर परोसा जाएगा, जिससे उन्हें और भी ज्यादा लाफ्टर की भूख लगेगी! कलर्स ने अपने नवीनतम शो, 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की घोषणा की है। फुल मनोरंजन की गारंटी देते हुए, यह नया शो आपके पसंदीदा टीवी कलाकारों को रीयूनाइट करता है, जो दर्शकों को डिनर के समय अपनी मज़ेदार केमिस्ट्री, हरकतों, और दिलचस्प बातों से अपने जीवन के बारे में बातें बताएंगे। रेसिपीज़ के कुलिनरी सफर से आगे बढ़ते हुए, यह पेशकश परिवार के लिए मनोरंजन की दावत है, जहां 13 लोकप्रिय सितारे बेस्ट कहानियां बनाएंगे, भले ही वे बेस्ट शेफ न हों। किचन के नौसिखियों से लेकर कुकिंग के शौकीनों तक, ये सेलिब्रिटीज़ लाफ्टर का स्वाद बढ़ाते हुए अनोखे स्वाद पेश करेंगे। मेज़बान की भूमिका में शो की कमान संभालने वाली कोई और नहीं बल्कि खुद कॉमेडी क्वीन भारती सिंह हैं। अपनी हाज़िरजवाबी और सेंस ऑफ ह्यूमर के साथ, वह यह सुनिश्चित करेगी कि लाफ्टर की रेसिपी में हंसी के नमक की कमी न हो, और शुरू से अंत तक दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हो। सितारों से सजी कास्ट में शामिल होने वाले हैं, सेलिब्रिटी शेफ कोच - हरपाल सिंह सोखी, जो किचन की गड़बड़ के दौरान अपनी विशेषज्ञता देंगे। इस अजीबोगरीब किचन में कृष्णा अभिषेक - कश्मीरा शाह, विक्की जैन - अंकिता लोखंडे, राहुल वैद्य - एली गोनी, रीम समीर शेख - जन्नत ज़ुबैर, करण कुंद्रा - अर्जुन बिजलानी, और सुदेश लहरी - निया शर्मा जैसे फैंस के पसंदीदा सेलेब्रिटी शामिल होंगे।

## आईडीबीआई बैंक लिमिटेड : चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष 2024 के वित्तीय परिणाम

**नईदिल्ली।** आज आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणाम जारी किए। बैंक का शुद्ध लाभ 55% साल-दर-साल बढ़कर अब तक के सबसे ऊँचे स्तर 5,634 करोड़ पर पहुँच गया और वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 12% की तिमाही-दर-तिमाही वृद्धि के साथ 1,628 करोड़ हो गया। बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 9,592 करोड़ रहा। एनआईएम 4.93% दर्ज किया गया, और शुद्ध ब्याज आय साल-दर-साल 12% की वृद्धि के साथ 3,688 करोड़ रही। 2024 की चौथी तिमाही में जमा की लागत 4.48% थी, जो 2023 की चौथी तिमाही में 3.71% थी। सीआरएआर 182 बीपीएस की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 22.26% रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 2024 की चौथी तिमाही के लिए 39 बीपीएस से 1.82% दर्ज किया गया, जो 2023 की चौथी तिमाही के लिए 1.43% था। इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 19.50% रहा (साल-दर-साल 335 बीपीएस की वृद्धि के साथ)। शुद्ध एनपीए घटकर 0.34% हो गए, जो 31 मार्च, 2023 को 0.92% थे। सकल एनपीए घटकर 4.53% हो गए, जो 31 मार्च, 2023 को 6.38% थे। पीसीआर 99.09% रहा, जो 31 मार्च, 2023 को 97.94% था।

## मुज़िगल ने रायपुर के शंकर नगर में अपनी अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की



**रायपुर।** भारत के सबसे बड़े म्यूजिक एजुकेशन प्लेटफार्म मुजिगल ने रायपुर में अपनी पहली अत्याधुनिक संगीत अकादमी लॉन्च की। थर्ड फ्लोर, एसआर प्लाजा, सेक्टर 3, शंकर नगर, रायपुर में स्थित, अकादमी 1900 वर्ग फुट में फैली हुई है जो गायन और वाद्य सहित संगीत सीखने के लिए अत्यधिक अनुकूल है। मुख्य अतिथि - डॉ. भारती बंधु (पद्मश्री) कबीर और सूफी गायक, विशिष्ट अतिथि - श्री अनिन रॉय (छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सितार वादक) और डॉ. लक्ष्मीनारायण येलुरी (फाउंडर-मुजिगल) की उपस्थिति में अकादमी लॉन्च की गई।

कई बैचों में फैले 500 से अधिक छात्रों को समायोजित करने की क्षमता के साथ, रायपुर में संगीत अकादमी पियानो, कीबोर्ड, गिटार, ड्रम, कर्नाटक वोकल्स, हिंदुस्तानी वोकल्स, वेस्टर्न वोकल्स, वायलिन और युकुलेले में शिक्षा प्रदान करेगी। संगीत अकादमी के लॉन्च के बाद, शुरुआती महीने के लिए, मुजिगल सभी नामांकनों के साथ 1 महीने की मुफ्त संगीत शिक्षा प्रदान कर रहा है।

मुजिगल की अत्याधुनिक अकादमी ऑनलाइन, ऑफलाइन और संगीत वाद्ययंत्रों की दुकान को एक प्लेटफार्म में एकीकृत करके संगीत सीखने और सिखाने के इको-सिस्टम में 360-डिग्री फ्रेमवर्क प्रदान करके संगीत शिक्षा में एक स्वर्ण मानक स्थापित कर रही है।

मुज़िगल की रायपुर अकादमी के लॉन्च पर बोलते हुए, डॉ. लक्ष्मीनारायण येलुरी ने कहा,"मुज़िगल अकादमी शिक्षार्थियों को अपने ही कम्युनिटी में एक अत्याधुनिक शिक्षण केंद्र तक पहुंच प्रदान करके संगीत शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाने के हमारे मिशन पर काम कर रही है। यह संगीत में सर्वोत्तम सीखने और सिखाने के अनुभव का प्रतिनिधित्व करेगा जिसकी कोई उम्मीद कर सकता है। यह विशेषज्ञ संगीत शिक्षकों द्वारा सिखाए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और पश्चिमी संगीत के व्यापक पाठ्यक्रमों को पूरा करेगा। इनके अलावा, एक स्ट्रक्चर्ड करिकुलम, पीरियाडिक असेसमेंट, सर्टिफिकेशन, फ्लेक्सिबल फी पेमेंट प्लान्स और हाइली ट्रेनेड टीचर्स, इसे दिल से शिक्षार्थी-केंद्रित बनाते हैं। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात में फैले 10,000 से अधिक छात्रों के साथ, 400+ प्रशिक्षित संगीत शिक्षकों द्वारा समर्थित और 40,000 से अधिक कक्षाएं सफलतापूर्वक पूरी होने के साथ, मुज़िगल ने छात्रों को विश्व स्तर पर उनकी संगीत आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद की है, चाहे वे शौक सीखने वाले हों या गंभीर सीखने वाले हों। ट्रिनिटी ग्रेड प्रमाणीकरण प्राप्त करने के लिए।

# मुंबई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही है: इरफान पठान



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या की तीखी आलोचना की। पठान ने उन महत्वपूर्ण क्षणों पर प्रकाश डाला जहां उनका मानना था कि एमआई लड़खड़ा गया था, विशेष रूप से मैदान पर पांड्या के निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित किया। जब केकेआर 57/5 पर संघर्ष कर रहा था, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से भौंहें तन गईं, पठान ने सुझाव दिया कि मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। इरफ़ान पठान ने इंस्टाग्राम पर कहा,मुंबई इंडियंस की कहानी आईपीएल 2024 में समाप्त हो गई है। वे कागज पर बहुत अच्छी टीम थे लेकिन उन्हें अच्छी तरह से प्रबंधित नहीं किया गया है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी पर सवाल बिल्कुल जायज हैं. आज जब केकेआर का स्कोर 57/5 था तो आपने नमन धीर के 3 ओवर कराये गए। आपने अपना छठा गेंदबाज डाला, केकेआर को मनीष पांडे और वेंकटेश अय्यर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी बनाने दी। यह 83 रन की साझेदारी केकेआर को 170 तक ले गई, जबकि उन्हें केवल 150 तक ही पहुंचना चाहिए था और यही अंतर का बिंदु बन गया। पठान की आलोचना यहीं नहीं रुकी। उन्होंने एमआई कैंप के भीतर की गतिशीलता पर प्रकाश डाला, जिससे पता चला कि टीम में एकजुटता और एकता की कमी है, जिससे टीम के भीतर संभावित दरार या गुटों का संकेत मिलता है। उन्होंने कप्तान के अधिकार को खिलाड़ी द्वारा स्वीकार करने के महत्व पर जोर दिया और संकेत दिया कि वर्तमान एमआई सेटअप में इसकी कमी हो सकती है। पठान ने आगे कहा, क्रिकेट एक ऐसा खेल है जहां कप्तानी और प्रबंधन महत्वपूर्ण है और एमआई फिलहाल एक टीम के रूप में नहीं खेल रही है और यह एमआई के लिए सीजन का सबसे बड़ा चर्चा का विषय है।

## वॉट्सऐप यूजर्स को मिलेगा चेट फिलटरिंग फीचर्स कर पाएंगे अपने हिसाब से चैट लोकेट



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वॉट्सऐप अपने यूजर्स के लिए एक ओर खास फीचर लेकर आया है, जिससे यूजर्स की स्टोरेज की प्रॉब्लम काफी हद तक दूर हो जाएगी। जिस फीचर पर इन दिनों काम किया जा रहा है, उसको ृठ्ठस्त्रह्मश्लद्बस्त्र 2.24.6.16 वर्जन के साथ बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। उसका नाम है। इस फीचर के आने के बाद यूजर्स को अपनी चैट लोकेट करने में आसानी होगी। इसमें वह चैट फिल्टर लगाकर चैट्स को खोज पाएंगे और स्टोरेज को मैनेज कर पाएंगे। इस फीचर में तीन चैट फिल्टर मिलेंगे, जो कि ृद्यद्य, ठ्ठह्द्गड्डस्त्र और त्नह्म्शह्वश्चह्य होंगे। इनके जरिये चैट्स को शॉर्ट कर पाएंगे। इसके अलावा वॉट्सऐप के भीतर यह फीचर यूजर्स के इंटरैक्शन को बढ़ाने के और तरीके तलाश रहा है। यह फीचर एंड्रॉइड 2.24.10.8 अपडेट के साथ उपलब्ध है। वेबबीटा के अनुसार, वॉट्सऐप स्टोरेज को प्रबंधित करने के लिए एक चैट फिल्टरिंग सुविधा शुरू कर रहा है। स्टोरेज मैनेज करने के लिए चैट फिल्टरिंग फीचर बीटा टेस्टर्स के लिए उपलब्ध करवा दिया गया है। इसे गूगल प्ले स्टोर से इंस्टॉल कर सकते हैं। हालांकि आने वाले कुछ दिनों में ये फीचर सभी यूजर्स के लिए रोलआउट हो सकता है।

## हार्दिक आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं: आरोन फिंच



**मुंबई,( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन से हार के बाद मुंबई इंडियंस के प्रदर्शन का आकलन करते हुए कहा कि हार्दिक पांड्या आईपीएल जैसे टूर्नामेंट का दबाव महसूस कर रहे हैं। केकेआर की पारी के अंत में जसप्रीत बुमराह (3-18) और नुवान तुषारा (3-42) ने तीन-तीन विकेट लिए, क्योंकि मुंबई इंडियंस ने वेंकटेश अय्यर की 52 गेंदों में 70 रनों की शानदार पारी के बावजूद उन्हें 169 रनों पर सीमित कर दिया, जिन्होंने छठे विकेट के लिए मनीष पांडे के साथ 83 रन जोड़े। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव से कहा, वानखेड़े स्टेडियम में ओस गिरने के कारण आप उनसे 170 रनों का पीछा करने की उम्मीद कर सकते हैं। यह आम तौर पर बल्लेबाजी करने के लिए एक खूबसूरत जगह है। हां यह थोड़ा अस्वाभाविक था, जिस तरह से यह थोड़ा अधिक टर्न ले रहा था और यह थोड़ा अधिक दो गति वाला था जो हमने अतीत में नहीं देखा था। मिचेल स्टार्क ने 4-33 विकेट लिए, 19वें ओवर में चार गेंदों में तीन विकेट लेकर मुंबई की पारी 145 रन पर समेट दी, जब स्पिन जोड़ी सुनील नारायणन और वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें समान 2-22 के विकेट के साथ 61/4 पर रोक दिया था। वह वास्तव में थका हुआ लग रहा है और कोई ऐसा व्यक्ति है जो दबाव महसूस कर रहा है। और मैं उसके लिए महसूस करता हूं, मैं स्वयं उस स्थिति में रहा हूं जहां आप व्यक्तिगत रूप से जो कुछ भी प्रयास कर रहे हैं वह काम नहीं कर रहा है। और जब टीम उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हो, तो यह बहुत मुश्किल स्थिति होती है।

## जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने ट्रांसजेंडर और विविध लिंग व्यक्तियों के अधिकारों पर हैंडबुक जारी की



**नई दिल्ली( एजेंसी )!** भारत में ट्रांसजेंडर और विविध लिंग व्यक्तियों के अधिकारों पर हैंडबुक का अनावरण सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी ने ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के संस्थापक कुलपति प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार और ट्रांस जस्टिस आंदोलन के हितधारकों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में किया। यह हैंडबुक जिंदल ग्लोबल लॉ स्कूल में लॉ एंड मार्जिनलाइजेशन क्लिनिक, सेंटर फॉर जस्टिस, लॉ एंड सोसाइटी (सीजेएलएस) द्वारा प्रोफेसर दीपिका जैन और नताशा अग्रवाल की देखरेख में ट्रांस जस्टिस एंड द लॉ क्लिनिक नामक क्लिनिकल कोर्स के हिस्से के रूप में ट्रांसमेन कलेक्टिव, ईगल और फेमिनिस्ट फ्यूचर के सहयोग से तैयार की गई है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सांता बारबरा की पहल, हैंडबुक ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 को उजागर करती है और ट्रांसजेंडर और विविध लिंग व्यक्तियों को उनके संवैधानिक और वैधानिक अधिकारों का दावा करने के लिए सशक्त बनाने का प्रयास करती है। न्यायमूर्ति ए.के. सीकरी (पूर्व न्यायाधीश, सुप्रीम कोर्ट) ने विशेष संबोधन में हैंडबुक के महत्व पर जोर दिया और 2014 में राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लिखने और सुनाने के अपने अनुभवों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा " हम फैसले से लेकर अधिनियम और अब इस हैंडबुक जैसे संसाधनों तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं जो समुदाय को उनके अधिकारों का एहसास करने और भारत के संविधान के वादों को पूरा करने में मदद करेगा। न्यायमूर्ति सीकरी ने न केवल न्यायशास्त्रीय दृष्टिकोण से, बल्कि समाज के भीतर सम्मान और प्रतिष्ठा सुनिश्चित करने के लिए भी पहचान का महत्व समझाया। प्रो. (डॉ.) सी. राज कुमार (संस्थापक कुलपति, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी) ने स्वागत भाषण में नैदानिककानूनी शिक्षा के लिए जेजीयू की प्रतिबद्धता पर जोर दिया और टिप्पणी की कि " कानून स्कूलों के लिए सामाजिक न्याय आंदोलन के साथ जुड़ाव सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।

## लगातार चौथा मैच हारकर प्लेऑफ से लगभग बाहर हुई मुंबई

**मुंबई( एजेंसी )।** आईपीएल 2024 में शुक्रवार को मुंबई इंडियंस को उसके घर पर हराकर कोलकाता नाइट राइडर्स ने सीजन की 7वीं जीत हासिल कर ली है. कोलकाता ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रनों का लक्ष्य दिया. जवाब में मुंबई की टीम अपने घरेलू दर्शकों के सामने 145 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई. नतीजन, कोलकाता 24 रनों से इस मुकाबले को हार गई. कोलकाता नाइट राइडर्स के दिए 170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की टीम 145 के स्कोर पर ही ऑलआउट हो गई. पूरी टीम 18.5 ओवरों में 145 रन पर धराशाही हो गई. मुंबई के लिए सूर्यकुमार यादव ने 56(35) रनों की सबसे बड़ी पारी खेली. उनके अलावा, ईशान किशन 13, रोहित शर्मा 11, नमन धिर 11, तिलक वर्मा 4, नेहाल वडेरा 6, हार्दिक पांड्या 1, टिम डेविड 24, गेराल्ड कोएट्जी 8, पीयूष चावला बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए. इस तरह मुंबई इंडियंस की टीम 145 रन पर ही ऑलआउट हो गई. टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाते हुए 20 ओवर में 169 के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी. केकेआर के लिए वेंकटेश अय्यर ने सबसे बड़ी पारी खेली. वह 52 गेंदों पर 6 चौके और 3 छक्के लगाकर 70 रन के स्कोर पर आउट हुए थे. इसके अलावा मनीष पांडे ने इस मैच में 31 गेंदों पर 42 रन की अहम पारी खेली. इन दोनों बल्लेबाजों के सिवा अंगकृष रघुवंशी एकमात्र ऐसे बल्लेबाज रहे, जो डबल डिजिट के स्कोर तक पहुंचे और 13 रन बनाकर आउट हुए. वहीं, दूसरे बल्लेबाजों की बात करें, तो फिलिप सॉल्ट 5, सुनील नरेन 8, श्रेयस अय्यर 6, रिंकू सिंह 9, आंद्रे रसेल 7, रमनदीप सिंह 2 और मिचेल स्टार्क शून्य पर ही आउट हो गए.

## बेलस्टार माइक्रोफाइनेंस लिमिटेड ने रु.1,300 करोड़ तक जुटाने के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नईदिल्ली।** कंपनी सूक्ष्म उद्यम, लघु उद्यम, उपभोक्ता सामान, त्यौहार, शिक्षा और आपातकालीन ऋण जैसे ऋण उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।

कंपनी इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु. 10 प्रत्येक) की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल रु. 13,000 मिलियन [रु. 1,300 करोड़] तक का फंड जुटाने की योजना बना रही है (टोटल ऑफर साइज़)।

कुल प्रस्ताव आकार में शामिल हैं - इक्विटी शेयरों का कुल रु. 10,000 मिलियन [रु.1,000 करोड़] तक का नया निर्गम (नया निर्गम) और (ii) इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए कुल रु. 3,000 मिलियन [रु. 300 करोड़] तक का प्रस्ताव (बिक्री के लिए प्रस्ताव)।

कंपनी नए निर्गम की शुद्ध आय का उपयोग वित्त वर्ष 2025 में रु. 7,600 मिलियन [रु. 760 करोड़] के अनुमानित आगे के उधार के लिए भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए शेष राशि का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है (प्रस्ताव के उद्देश्य)।

बिक्री के लिए प्रस्ताव में ल्छ्व इन्वेस्ट फाइनेंशियल इंक्लूजन फंड द्बद्ब च्/स् द्वारा कुल रु. 1,750 मिलियन [रु. 175 करोड़] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं; साथ ही, अरुम होल्डिंग्स लिमिटेड द्वारा रु. 970 मिलियन [रु. 97 करोड़] तक और ऑगस्टा इन्वेस्टमेंट्स जीरो पीटीई लिमिटेड (निवेशक विक्रय शेयरधारक) द्वारा रु. 280 मिलियन [रु. 28 करोड़] तक के इक्विटी शेयर शामिल हैं। (विक्रय शेयरधारक संयुक्त) आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड आईपीओ इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

बीएमएल का लक्ष्य एक सामाजिक रूप से जिम्मेदार माइक्रोफाइनेंस संस्थान बनना है, जो ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ऋण के प्रावधान के माध्यम से महिलाओं की उद्यमशीलता और आर्थिक सशक्तीकरण को आगे बढ़ाकर देश भर में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाए।

## टीबीओ टेक लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 08 मई, 2024 को खुलेगा

**नईदिल्ली।** टीबीओ टेक लिमिटेड (कंपनी या टीबीओ), बुधवार, 08 मई, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए बोलियाँ खोलेगी। यह पेशकश शुक्रवार 10 मई, 2024 को बंद हो जाएगी। एंकर निवेशक बोली की तिथि मंगलवार 07 मई, 2024 होगी। प्रस्ताव का प्राइस बैंड 875 से 920 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 16 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 16 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं (मूल्य बैंड)। इस ऑफर में कुल ? 4,000.00 मिलियन [ 400.00 करोड़] मूल्य के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम (''नया निर्गम'') और कुछ शेयरधारकों द्वारा 12,508,797 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव (''बिक्री के लिए प्रस्ताव'', और नए निर्गम के साथ, ''प्रस्ताव'') (''कुल प्रस्ताव आकार'') शामिल है। कंपनी प्रस्ताव के नए निर्गम हिस्से की शुद्ध आय का उपयोग (ii) नए खरीदारों (नीचे परिभाषित) और आपूर्तिकर्ताओं को जोड़कर अपने प्लेटफॉर्म के विकास और सुदृढ़ीकरण के लिए करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें शामिल होंगे (ए) कंपनी द्वारा टेक्नालोजी और डेटा सोल्युशंस में निवेश के लिए 1,350.00 मिलियन [ 135 करोड़], (बी) विपणन और प्रचार गतिविधियों के माध्यम से प्लेटफॉर्म उपयोगकर्ताओं को शामिल करने और भारत के बाहर स्थित आपूर्तिकर्ता और खरीदारों को बढ़ाने के लिए बिक्री और अनुबंध कर्मियों को काम पर रखने के लिए अपनी सामग्री सहायक कंपनी, टेक ट्रैवल्स डीएमसीसी में निवेश के लिए 1,000.00 मिलियन [ 100 करोड़], (सी) भारत में संगठन की विकास योजनाओं का समर्थन करने के लिए बिक्री, विपणन और बुनियादी ढांचे में 250.00 मिलियन [ 25 करोड़] का निवेश; और अज्ञात इनओर्गेनिक अधिग्रहण और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य के लिए 400.00 मिलियन [ 40.00 करोड़] की राशि। (प्रस्ताव के उद्देश्य) ऑफर फॉर सेल में गौरव भटनागर द्वारा 2,033,944 इक्विटी शेयर, मनीष ढींगरा द्वारा 572,056 इक्विटी शेयर।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, सोमवार 06 मई 2024



## संयंत्र में लगी आग से मचा हड़कम्प

**रायपुर (आरएनएस)।** भिलाई इस्पात संयंत्र में रात 1 बजे एसएमएस-3 में लेडल पंचर होने से आग लग गई. जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बीएसपी फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन बीएसपी प्रबन्धन को लाखों का नुकसान हुआ है. जानकार बताते हैं कि लेडल पंचर होने की घटना आम बात है, लेकिन इस बार लेंडल भारी मात्रा में बाहर आया और जिससे आग लग गई. फिलहाल लेडल के कचरे को हटाया जा रहा है. इसके साथ ही बीएसपी प्रबन्धन इस पूरे घटना की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर कैंप में बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से चुनाव के प्रति लोगों को किया जागरुक







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्रपति शिवाजी किड्स स्कूल रावतपुरा कॉलोनी में चल रहे समर कैंप में बच्चों ने चुनाव के प्रति लोगों को जागरुक करते हुए पोस्टर बनाएं और घर जाकर अपने आस पड़ोस में एवं अपने माता-पिता को वोट डालने के लिए प्रेरित किए।

### राज्य में सभी सीटों पर मिलेगी जीत : सीएम साय

**रायपुर ( आरएनएस )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से एक दिन पहले प्रदेश की 11 में से 11 लोकसभा



सीटों पर जीत का दावा किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव में बीजेपी के पक्ष में एक अच्छा वातावरण है. संगठन के सभी नेताओं ने चुनाव में खूब मेहनत की है. पूरे प्रदेश में जनता के बीच गए, और जो रिस्पांस मिला गई उससे हम 11 लोकसभा सीट जीतेंगे. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव समाप्ति की ओर है. पहले और दूसरे चरण का चुनाव हो चुका है. मेरे लिये यह चुनाव एक अनोखा चुनाव रहा है. मुख्यमंत्री के नाते पहली बार जनता से सीधा जुड़ने का मौका मिला है. उन्होंने कहा कि हमने 64 बड़ी जनसभा की है, और आज दो जनसभा है. इस तरह से मेरी कुल 66 सभाएं हो जाएंगी. इसके अलावा 11 लोकसभा सीट में कार्यकर्ता सम्मेलन में भाग मैंने लिया. इस तरह से 45 दिन में 106 से ज्यादा बार जनता से मुखातिब होने अवसर मिला. इसके साथ केंद्र के बहुत सारे राष्ट्रीय नेताओं की सभा हुई।

### सैकड़ों लोगों ने किया भाजपा में प्रवेश

**आरंग-रायपुर ( आरएनएस )।** लोकसभा के तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। सभी पार्टियों के दिग्गज नेता और प्रत्याशी लगातार धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहें है, वहीं इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति और कार्यशैली से प्रभावित होकर आरंग विधानसभा क्षेत्र के 200 से ज्यादा आदिवासी मेहर व सिन्हा समाज के लोगों ने बीजेपी में प्रवेश किया है। आरंग के पूर्व विधायक संजय ढीढी और भाजपा नेता डॉ. संदीप जैन के नेतृत्व में इन लोगो ने प्रदेश की भाजपा सरकार, सांसद प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल और क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब के कार्यशैली से प्रभावित होकर बीजेपी का दामन थाम लिया है। पूर्व विधायक संजय ढीढी और बीजेपी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग तथा आरंग मंडल के पदाधिकारियों ने सभी को बीजेपी का गमछा पहना कर भाजपा में प्रवेश कराया।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 857 मतदान केंद्रों में दिखेगी महिला सशक्तिकरण की झलक

**जिले में 42 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्र संभालेंगी महिलाएं**

**उत्तर विधानसभा के सभी 203 केंद्रों की कमान महिलाओं के जिम्मे**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एक ऐसा समय भी था जब दुनिया में महिलाओं को मताधिकार नहीं दिए गए थे। भारत में जब संविधान बना तो न केवल महिलाओं को मताधिकार प्रदान किए गए अपितु उनके सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए गए। इन कार्यों से लोकतंत्र बहुत मजबूत हुआ है और महिलाएं न केवल अधिकतम संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग कर रही है अपितु निर्वाचन संपन्न कराने में भी उनकी बड़ी भूमिका नजर आ रही है। रायपुर जिले में 42 प्रतिशत से अधिक मतदान बूथ की जिम्मेदारी महिलाएं संभालेंगी। वहीं रायपुर का उत्तर विधानसभा ऐसा क्षेत्र है जहां के मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत महिला मतदान दल निर्वाचन संपन्न कराएगा।

जिले में कुल 1907 मतदान केन्द्र हैं, जिसमें 857 मतदान केंद्रों का जिम्मा महिलाओं के हाथों में है। उत्तर विधानसभा में 203 बूथ है इसमें सारे मतदान दल में महिलाएं होंगी। इनकी एआरओ भी महिला श्रीमति निधि साहू हैं। जिला प्रशासन के इस कारगर कदम से महिला मतदान दल उत्साहित हैं उन्होंने प्रशिक्षण भी पूर्ण मनोयोग से लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार मतदान दल की महिलाओं को केंद्र में ठहरने के लिए इस बार बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सभी महिला मतदान दल को मेडिकल किट उपलब्ध कराए जा रहे है, जिसमें ओआरएस व दवाईयां उपलब्ध रहेगी, साथ में सेनेटरी पैड भी शामिल है। उनके भोजन-नाश्ते और पेयजल की व्यवस्था की गई है। समय-समय पर नींबू पानी की सुविधा रहेगी। यही नहीं साबुन, ब्रश, तेल समेत अन्य जरूरी चीजें भी दल को रवाना करने से पहले दी जाएगी। उनके ठहरने के स्थान पर कूलर-पंखे, गद्दे, चादर-तकिए की व्यवस्था रहेगी। आवाजाही के लिए किसी भी तरह की परेशानियां मतदान दल को नहीं होगी। इसके लिए छोटी-छोटी बसों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

**स्ट्रांग रूम परिसर में महिलाओं के लिए स्थाई शौचालय :** मतदान समाप्ति के बाद सेजबहार स्थित स्ट्रॉग रूम में ईव्हीएम को जमा करना होता है। इस दौरान महिलाओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए स्ट्रांग रूम परिसर में स्थाई शौचालय के लिए बनाए गए है।

## वरिष्ठ पत्रकार हिमांशु द्विवेदी, आईएएस अधिकारी एस. भारतीदासन और कुंदन कुमार के घर पहुंच दिया पीला चावल और आमंत्रण पत्र





### कलेक्टर की पाती अभियान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह मतदाताओं को कलेक्टर की पाती देकर मतदान का आग्रह कर रहे हैं। आज कलेक्टर दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि के प्रधान संपादक श्री हिमांशु द्विवेदी के घर पहुंच कर आमंत्रण पत्र और पीला चावल भेंट कर मतदान का आग्रह किया। इसके अलावा कलेक्टर डॉ सिंह ने कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के सचिव श्री एस.भारतीदासन और नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक श्री कुंदन कुमार को कलेक्टर की पाती और पीला चावल भेंट कर मतदान के लिए अपील किया।

## अपना बूथ जानो अभियान में पहुंचे मतदाता मतदान केन्द्र, कलेक्टर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा चुनाव-2024 के परिपेक्ष्य में जिला प्रशासन रायपुर द्वारा एक दिवसीय अपना बूथ जानो अभियान चलाया गया। इसके तहत मतदाताओं ने अपने मतदान बूथ पहुंच कर विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह फॉरेस्ट कॉलोनी और बी.पी. पुजारी स्कूल मतदान केन्द्र पहुंचे और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही सभी विधानसभा के एआरओ भी अपने मतदान केन्द्र गए और आवश्यक जानकारी ली। इस बार मतदान केन्द्र में मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई है। जह जहां नींबू पानी और पीने के पानी की व्यवस्था की गई है वहीं मतदाताओं के बैठने के लिए बेंच लगाए गए हैं, यहीं नही यथासंभव प्रतिक्षा कक्ष भी बनाए गए हैं। इसके अलावा सेल्फी बूथ की व्यवस्था की गई है, ताकि वे मतदान करने के बाद सेल्फी ले सकें। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार इस बार कर्मचारी कल्याण को भी केन्द्र में रखा गया है। हर बूथ में कर्मचारियों के रूकने की उत्तम व्यवस्था की गई है जिसमें कूलर, पेयजल और शौंचालय इत्यादि भी शामिल है।

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : परिवार संग एक साथ वोट देने जाएं, मिलकर ग्रुप फोटो या सेल्फी लें पुरस्कार पाएं

**चयनित 51 फैमिली फोटो को 1001 रुपए का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता के लिए परिवार संग एक साथ वोट देने जाएं, मिलकर ग्रुप फोटो या सेल्फी लें पुरस्कार पाएं। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुशार रायपुर जिले के मतदाता, जो एक साथ सपरिवार मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करेंगे, वे मतदान के बाद, मतदान केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट या मतदान केंद्र परिसर में सपरिवार अपनी ग्रुप फोटो या सेल्फी लेकर 7970003285, 9754681155, 7489771149 इन मोबाइल नंबरों पर व्हाट्स एप करें।

उल्लेखनीय है सर्वश्रेष्ठ 51 फैमिली फोटो को 1001 रुपए का पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर जिला निर्वाचन अधिकारी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा सम्मानित किया जाएगा। ध्यान रखने वाली बात है कि आपको मतदान केंद्र पर बने सेल्फी प्वाइंट अथवा मतदान केंद्र परिसर में लिए गए फोटो में सभी पारिवारिक सदस्य ही होने चाहिए और फोटो में प्रदर्शित सभी मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) की प्रति भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। इसके लिए एंट्री भेजने वाला मतदाता अपना नाम, उम्र, लिंग, पता, विधानसभा क्षेत्र की जानकारी फोटो के साथ दिनांक 7 मई रात्रि 08 बजे तक प्रेषित करें।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए महाराष्ट्र मंडल ने लगाया जोर

**रायपुर के 12 व्यस्ततम चौराहों और कई उद्यानों में चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान को लेकर रविवार की शाम 6:00 बजे एक साथ 500 से अधिक आजीवन सभासदों ने शहर के 12 व्यस्ततम इलाकों में जबरदस्त मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर रोहिणीपुराण केंद्र और डंगनिया- सुंदरनगर केंद्र की महिलाओं ने क्रमश: गोल चौक और रायपुरा चौक पर मठा वितरित कर मतदाताओं से वोट डालने की अपील की। महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले ने 10 दिन पहले ही कार्यकारिणी सदस्यों, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व सभी 15 केंद्रों की संयोजिकाओं के साथ व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरण अभियान चलाने की योजना बना ली थी। जिसे आज अमल पर लाया गया। काले ने कहा कि आज के सफलतम अभियान के बाद महाराष्ट्र मंडल के सभी 150 पदाधिकारी अगले डेढ़ दिन तक सौ- सौ मतदाताओं को फोन कर वोट डालने की अपील करेंगे और सात मई को यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन्हें डालने की अपील की गई थी, उन्होंने वोट डाला है कि नहीं।

**रोहिणीपुरम के गोल चौक और रायपुरा चौक पर आमजनों को मठा पिलाकर मतदान की दिलाई गई शपथ**

मतदाता जागरूकता अभियान लाखे नगर चौक पर सचिव चेतन दंडवते की नेतृत्व में, रायपुरा चौक पर कामकाजी महिला वसति गृह प्रभारी नमिता शेष के मार्गदर्शन में, गोल चौक में मेस एवं महाराष्ट्र मंडल भवन प्रभारी दीपक किरवईवाले के नेतृत्व में, अनुपम गार्डन तिराहा में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के सह प्रभारी परितोषक डोनगांवकर के सहयोग से, कार्यकारिणी सदस्य भगीरथ काळेले नेतृत्व में अग्रसेन चौक समता कॉलोनी पर, टाटीबंध चौक पर रश्मि गोवर्धन के सहयोग से, तात्यापारा चौक पर उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन के मार्गदर्शन में, कोतवाली चौक पर दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी आस्था काले के सहयोग में, पचपेड़ी नाका चौक पर महिला सह प्रमुख अपर्णा देशमुख के नेतृत्व में, नेताजी चौक कटोरा तालाब पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले के मार्गदर्शन में, गांधी उद्यान ( भगत सिंह ) चौक पर खेल प्रकोष्ठ प्रभारी गीता दलाल के नेतृत्व में यह अभियान लगभग दो घंटे तक चलाया गया। चेतन दंडवते के अनुसार ज्यादातर मतदाताओं ने जागरूकता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि वे मतदान करने जरूर जाएंगे। वहीं कुछ ऐसे भड़के मतदाता भी थे, जिन्हें मतदान में कोई फायदा दिखाई नहीं दे रहा था। उन्हें मंडल के सभासदों ने राष्ट्रीय दायित्व याद दिलाकर वोट डालने के लिए संकल्पबद्ध किया।

अनुपम गार्डन गेट पर युद्धक टैंक के सामने मतदाताओं से वोट डालने की अपील करते हुए बड़ी संख्या में जुटे महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारी एवं आजीवन सभासद।

## श्री वासूपूज्य जैन मंदिर डीडी नगर में नरेश सिंघई श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर टैगोर नगर में राजेश जैन अध्यक्ष चुने गए

**बड़ा मंदिर में लघु तीर्थ निर्माण आचार्य श्री की अंतिम देशना को सभी अध्यक्ष साथ मिलकर करेंगे साकार : संजय जैन नायक अध्यक्ष**





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 10080श्री वासुपुज्य दिगंबर जैन मंदिर डी डी नगर का चुनाव 4 मई शनिवार को रात्रि 8 बजे मंदिर स्थित हाल में संपन्न हो हुआ। इस चुनाव में अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। चुने गए पदाधिकारियों और सदस्यों के कार्यकाल की अवधि दो वर्ष होगी। पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन ने बताया कि इस वर्ष चुनाव आम सभा के माध्यम से किया गया जिसमे अध्यक्ष पद पर नरेश सिंघई का चयन किया गया। नई कार्यकारणी में अध्यक्ष-श्री नरेश सिंघई, उपाध्यक्ष-श्री अनिल जी काला, श्री रमेश जी जैन, श्री डॉ विशाल जैन सचिव-श्री विकास सिंघई कोषाध्यक्ष-श्री राजेश सिंघई सहसचिव-श्री मनोज जैन, श्री दीपक जैन कार्यकारिणी सदस्य- श्री बाहुबली जैन, श्री शशांक जैन, श्री महेंद्र जैन प्रमुख सलाहकार-श्री पवन सेठी, श्री डॉ अनुराग, श्री एम के जैन चुने गए है।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर नगर में भी आज 5 मई को नई कार्यकारणी का चुनाव किया गया।पूर्व अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन टिल्लू ने बताया की आज का चुनाव वोट के माध्यम से किया गया जिसमे अध्यक्ष श्री राजेश जैन, उपाध्यक्ष श्री नवीन मोदी, सचिव श्री प्रियांक जैन, कोषाध्यक्ष श्री संदीप जैन, सहसचिव श्री सुबोध जैन कार्यकारिणी सदस्य, श्री रजनीश कुमार जैन और पुष्पेंद्र जैन चुनाव में जीत कर आए है।

दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में लगभग 150 वर्ष पुराने मंदिर का पुनर्निर्माण कर लघु तीर्थ बनाने हेतु अंतिम देशना आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के रायपुर प्रवास के दौरान प्रति हुई थी। ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैसलमेर के पीले पत्थरो से 171 फुट ऊंचे शिखर का 3 मंजिला मंदिर त्रिकाल चौबीसी सस्त्रकुट जिनालय बनाना तय हुआ है।साथ ही संत निवास सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला पार्किंग एवं सुन्दर गार्डन का निर्माण कार्य भी किया जायेगा। लघु तीर्थ बनाने की भावना आचार्य श्री के समक्ष ट्रस्ट कमेटी ने रखी थी। आचार्य श्री की उत्कृष्ठ यम समाधि छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में हुई ये हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है। आचार्य श्री अंतिम समय में नवीन जिनालय लघु तीर्थ के निर्माण का मंगल आशीर्वाद हम सभी को मिला है। इसी संदर्भ में दिनाँक 25/01/2024 तिथि पौष कृष्ण पूर्णिमा, वीर निर्माण संवत 2250 गुरुवार को गुरु पुष्प नक्षत्र के पुण्य सुअवसर पर अखंड ज्योति स्थापना की गई है। परम पूज्य आचार्य भगवन श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज ने नवीन जिनालय लघु तीर्थ के लिए दिशा निर्देश देते हुए अखंड ज्योति प्रज्वलित करने हेतु कहा था। इस पर अमल करते हुए अखंड ज्योति की स्थापना मूल नायक 1008 श्री आदिनाथ भगवान की वेदी के समक्ष की गई है। यह अखंड ज्योत नवीन जिनालय लघु तीर्थ का कार्य जब तक प्रारंभ होकर पूर्ण नही होता तब तक प्रजवल्लित रहेगी।

अध्यक्ष संजय जैन नायक एवं उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने समस्त समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ एवं सदस्यो से संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज द्वारा बड़ा मंदिर के जिनालय का पुन:निर्माण कर नवीन जिनालय बना कर राजधानी रायपुर में एक लघु तीर्थ स्थल बनाने का मंगल आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। उनके समक्ष सभी सदस्य ने जल्द से जल्द निर्माण शुरू करने का संकल्प लिया था। उस संकल्प को सभी मंदिरों के अध्यक्ष एवं सकल जैन समाज को एक साथ मिलकर शीघ्र अति शीघ्र पूरा करने की लिए सभी एक साथ मिल कर कार्य करेंगे।

## गुम महिला को मुंबई से सकुशल लेकर लौटी पुलिस

**डोंगरगढ़-रायपुर ( आरएनएस )।** गुम महिला श्रीमती शारदा बाई वर्मा पति सुनील वर्मा 40 साल साकिन ग्राम गाजमर्रा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव जो घटना दिनांक- 30 अप्रैल 2024 को ग्राम गाजमर्रा से गुम हो गई थी। जिसकी पता मुबंई में चलने पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सीआर चन्द्रा एवं सउनि एसएम कुरैशी के द्वारा तकनिकी सहायता एवं महिला हेल्प लाईन व सखी सेन्टर के मदद से महिला को आज दिनांक 05.05.2024 को दस्तयाब कर महिला को उसके परिजन से मिलाया गया। महिला से पुछताछ करने पर अपने बड़े लड़का से मिलने दुर्ग जाने के लिये स्टेशन आई टेऊन आने पर उसमें धोखा से बैठ गई वह टेऊन मुम्बई लेकर चली गई जहां से किसी व्यक्ति के फोन के माध्मम से घर में संपर्क करना बताई व अपने साथ कोई अप्रिय घटना घटित नहीं होना बताई।

## माशिमं द्वारा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे 9 या 10 मई को होगा जारी

**रायपुर ( विस )।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है. दोनों परीक्षाओं के नतीजे तैयार करने का काम लगभग पूरा हो चुका है. अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है. माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया. इसके बाद नतीजे तैयार किए गए. बताते हैं कि नतीजे तैयार करने का काम भी लगभग पूरा हो चुका है. प्रयास किया जा रहा है कि रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो. इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है ताकि किसी तरह की कोई दिक्कत न हो. सूत्रों के अनुसार 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के नतीजे अन्य वर्षों की भांति एक साथ 9 अथवा 10 मई को घोषित किए जाएंगे. नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप टेन की सूची भी जारी की जाएगी. इस बार बोर्ड परीक्षा में 6 लाख 6 हजार 578 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे. इनमें 12वीं में 2.61 लाख तथा 10वीं में 3 लाख 45 हजार 543 बच्चे पंजीकृत थे।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354